### राज्यपाल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखा पत्र

# हाइकोर्ट की कार्यवाही हिंदी में होना सुनिश्चित हो : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** हिंदी भाषा को देश के अन्य राज्यों के उच्च न्यायालयों की कार्यवाही की भाषा के रूप में लागू किया गया है। इनमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार के उच्च न्यायालय शामिल हैं। हिंदी झारखंड की राजभाषा है और राज्य के सर्वाधिक लोग हिंदी बोलते और समझते हैं लेकिन झारखंड के उच्च न्यायालय की कार्यवाही की भाषा आज भी अंग्रेजी ही है। हिंदी को झारखण्ड उच्च न्यायालय की भाषा अब तक नहीं बनाया जा सका है। इसे लेकर राज्यपाल रमेश बैस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में राज्यपाल ने कहा है कि झारखण्ड का गठन अविभाजित बिहार से 15 नवम्बर 2000 को हुआ। झारखण्ड के भू-भाग राज्य गठन के पूर्व पटना उच्च न्यायालय के न्यायिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते थे। एकीकृत बिहार के उच्च न्यायालय पटना में हिंदी न्यायालय की कार्यवाही की भाषा के रूप में लागू है। झारखण्ड गठन के पश्चात यहां हिंदी राजभाषा जरूर बनी पर झारखण्ड उच्च न्यायालय में हिंदी न्यायालय की कार्यवाही की भाषा के रूप में लागू नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि न्याय सर्वसुलभ और स्पष्ट रूप से सबको समझ में आए, इसके लिए आवश्यक है कि न्याय की प्रक्रिया सरल हो और उसे आम आदमी को समझ आती हो।

उन्होंने कहा है कि संविधन में प्रावधान है कि किसी राज्य का राज्यपाल, राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से उस उच्च न्यायालय की कार्यवाहियों में हिंदी भाषा का या उस राज्य की शासकीय भाषा का प्रयोग प्राधिकृत कर सकेगा। चूंकि हिंदी झारखण्ड की राजकीय भाषा भी है इसलिए इसे उच्च न्यायालय की कार्यवाही की भाषा घोषित करना संविधान के प्रावधानों के अनुरूप होगा।

### 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी, नीतियां और लाभ पर उच्च सदन में पूछा प्रश्न

# दीपक प्रकाश ने रास में प्रधानमंत्री सहज बिजली के कार्यान्वयन पर उठाया सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में झारखंड राज्य में हर घर बिजली से संबंधित केंद्र सरकार की सौभाग्य योजना के क्रियान्वयन, राज्य में बच्चों के बीच व्याप्त कुपोषण तथा महिलाओं में कुपोषण की समस्या पर सवाल उठाया। इस पर विद्युत नवीकरण उर्जा मंत्री आरके सिंह ने सदन में जवाब देते हुए कहा कि भारत सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी गैर विद्युतीकृत घरों



और शहरी क्षेत्रों में सभी गरीबों घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदान कर के सार्वभौमिक घरेलू विद्युती करण प्राप्त करने के उद्देश्य से अक्टूबर 2017 में प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर सौभाग्य योजना की शुरूआत की है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2019 तक छत्तीसगढ़ के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के 18734 घरों को छोड़कर सभी घरों का विद्युतीकरण किया जा चुका है।

31 मार्च 2019 से पहले अभिचिन्हित झारखंड सहित सात राज्यों के लगभग 19.09 लाख गैर विद्युतीकृत घरों में विद्युत कनेक्शन की स्वीकृति दी गई थी। इसके तहत झारखंड में 31 मार्च 2021 तक शत प्रतिशत घरों में सौभाग्य योजना से विद्युतीकरण हो चुका है। इस योजना से देश भर में कुल 2.817 करोड़ घरों में विद्युतीकरण किया गया है। जिसमें झारखंड के 17 लाख 30 हजार 708 घर शामिल हैं।

5जी स्पेक्ट्रम नीलामी और उपयोग की नीतियां तथा इससे देश को होने वाले लाभ के सवाल पर सदन में जवाब देते हुए केंद्रीय संचार मंत्री देबू सिंह चौहान ने बताया कि स्पेक्ट्रम नीलामी केलिए 5 उद्देश्य निर्धारित किए हैं। उन्होंने बताया कि पिछली नीलामियों की तरह ही मोदी सरकार ने स्पेक्ट्रम नीलामी 2022का आयोजन सैमुल्टेनियस मल्टीपल राउंड एसेंडिंग पद्धति से किया गया था। सभी 22 लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र में कुल 72097.85 मेगाहट्र्ज एक्सेस स्पेक्ट्रम की नीलामी की गई।

5जी स्पेक्ट्रम का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने केलिए सभी सफल बोलीदाताओं को स्पेक्ट्रम के आवंटन की तिथि से पांच साल की अवधि तक रोलआउट दायित्वों का पालन चरणबद्ध तरीके से करना होगा।

### संविधान मार्च की तैयारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न

# झारखंड में बढ़ रहा है दलित उत्पीड़न : केदार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यसमिति एवं जिलाध्यक्षों की बैठक कमिटी के चेयरमैन केदार पासवान की अध्यक्षता में गुरुवार को कांग्रेस भवन में हुई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, उपाध्यक्ष जवाहर लाल, वशिष्ट लाल पासवान, झारखंड दलित उत्पीड़न के प्रभारी उषा पासवान, सोशल मीडिया प्रभारी देवेन्द्र पासवान मौजूद थे।




बैठक में संगठन की मजबूती, जिला कमिटी की गठन, संविधान मार्च, हर जिला में संविधान रक्षक बनाए जाने एवं अनुसूचित जाति आयोग का गठन, नगर निगम में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की नौकरी में अनुसूचित जाति को प्रमुखता देने आदि प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श कर रणनीति बनाई गई।

बैठक में यह तय किया गया कि जनवरी 2023 में संविधान मार्च निकाला जाएगा, जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राजेश लिलोटिया को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। संविधान यात्रा बाबा अम्बेड़कर चौक डोरंडा से आरंभ होकर भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल, कोकर में माल्यार्पण कर स्वामी विवेकानंद पार्क में सभा का आयोजन होगा। इस तरह पूरे राज्य भर में 75 किमी की यात्रा निकाली जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिटी के चेयरमैन केदार पासवान ने कहा कि राज्य में दलित उत्पीड़न मामले आये दिन काफी बढ़ रहे हैं। इसके कारण दलित परिवार काफी डरे और सहमे हुए हैं। बच्चियां पढ़ने के लिए घर से बाहर भेजने के लिए परिवारों को सोचना पड़ रहा है। इन सभी मामलों से गठबंधन सरकार को अवगत कराते हुए त्वरित कारवाई की मांग की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार की पहल से एक तरफ जहां पीड़ित परिवार को न्याााय मिलेगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के साथ घटित घटनाओं को लेकर काफी गंभीर है। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा हर मामले को लेकर लीपा-पोती किया जाता है। जिससे दलित उत्पीड़न मामला राज्य में बढ़ती ही जा रही है। इससे ऐसा लगता है कि प्रशासन भेदभाव कर रही है और मौजूदा सरकार को बदनाम करने की काम कर रही है। बैठक का संचालन कार्यालय प्रभारी रंजीत बाउरी तथा धन्यवाद ज्ञापन जवाहर लाल ने किया।

बैठक में प्रदेश पदाधिकारी वकील बाउरी, पिंटू तुरी, गुड़िया देवी, दुलारी देवी, बंटी दास, अर्जुन मांझी, नीतू देवी, नागेन्द्र चौधरी, प्रेम दत्ता, तिलका रमन, रवि ज्योति, जिला जिला राजू राम, बंटी दास, कमल राम, मुकेश पासवान, अनिल भुइयां, राजू दास, भुनेश्वर राम, रघुवीर प्रधान, लोधा नायक, अरूण दास, अनिल नायक, दशरथ पासवान, नागेश्वर दास, सुरज पासवान, संतोष दास, जवाहर मिर्धा, सुभाष बावला, किशन पासवान, रविन्द्र पासवान आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राजस्थानी लोक गीत व कालबेलिया नृत्य आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने विद्यालय के प्रेक्षागृह में राजस्थानी गीत-संगीत एवं नृत्य का आनंद लिया और वहां की समृद्ध कला और संस्कृति से परिचित हुए। यह कार्यक्रम स्पिकमैके संस्था द्वारा 16 दिसंबर 2022 को प्रस्तुत किया गया। संस्था का उद्देश्य युवाओं के मध्य शास्त्रीय संगीत और नृत्य का प्रचार-प्रसार करना है। राजस्थानी लोकगीत और कालबेलिया नृत्य (सपेरा नृत्य) का शानदार प्रदर्शन भुंगर खान मैगनियर और उनकी टीम ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। छात्रों ने कालबेलिया जनजाति के लोकप्रिय नृत्य के इतिहास को जाना और उनके लिए इस नृत्य के महत्व से परिचित हुए। छात्रों को नृत्य और गीत के अतिरिक्त वाद्य यंत्रों की भी जानकारी मिली।

विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ० प्रदीप वर्मा ने स्पिकमैके द्वारा छात्रों को संस्कृति और कला से जोड़ने के अभिनव प्रयास की सराहना की।

प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं, जिससे उन्हें अपनी समृद्ध परंपरा और संस्कृति को पहचानने में मदद मिलती है।

# वाईबीएन विश्वविद्यालय में आठ दिवसीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वाईबीएन यूनिवर्सिटी में इमर्जिंग ट्रेंड इन रिसर्च इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल ग्रोथ पर वाईबीएन विश्वविद्यालय में आयोजित 8 दिवसीय राष्ट्रीय कन्फ्रेस शुक्रवार को संपन्न हो गया। इस 8 दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्फ्रेस में वैज्ञानिक, शोधार्थी, शिक्षाविद, उद्योग प्रबंधक और प्रशासनिक पदाधिकारी शामिल हुए एवं अपने बहुमूल्य व्याख्या तथा शोध अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर वाईबीएन विश्वविद्यालय परिसर दिग दिगंतर के विद्वत जनों, शिक्षाविद्धों, गुणी शोधार्थियों का साक्षी बना। सम्मेलन के दौरान विज्ञान, कृषि, कला-संस्कृति, इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड आइटी, वाणिज्य और प्रबंधन, शिक्षा, फार्मेसी, नर्सिंग, पारामेडिकल, कानून और होमियोपैथी विषयों के रचनात्मक शोध से सतत विकास पर चर्चा हुई। जिसमे देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों के करीब 100 से अधिक सम्मानित कीनोट स्पीकर्स आएं एवं अपने विचार रखे। आखिरी दिन शुक्रवार को स्कूल ऑफ टीचर एजुकेशन और मां कलावती होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के चांसलर बैद्यनाथ यादव, चेयरमैन डॉ रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, डॉ. श्रीरमन दुबे, संजय तिवारी, कंफ्रेंस संचालक डॉ ब्रजेश कुमार सिंह, डॉ आशीष सरकार, डॉ. चंद्रजीत कुमार आदि मौजूद थे।

चांसलर बैद्यनाथ यादव ने कहा कि कहा कि बच्चों के मानसिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के आयोजन में भाग लेना भी जरुरी होता है ताकि उनका समग्र विकास हो सके।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने राज्यसभा सांसद मनोज झा का जताया आभार

**दिल्ली/रांची।** राज्यसभा सांसद मनोज झा को सदन में ओबीसी को 52% आरक्षण देने की आवाज को बुलंद करने के लिए राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो सूरज मंडल ने दिल्ली स्थित आवास पर उन्हें गुलदस्ता देकर आभार जताया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा आज अपार हर्ष का क्षण है कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा पिछले कई वर्षो से जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी वर्ग की आबादी 52 प्रतिशत के अनुपात में आरक्षण देने की आंदोलन करता आ रहा है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद मनोज झा ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ों की पार्टी है। वर्तमान परिस्थिति में ओबीसी वर्ग को आबादी के अनुसार 52% आरक्षण की आवाज बुलंद करना यह मेरा नैतिक कर्तव्य है। वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सूरज मंडल ने कहा कि मनोज झा लगातार सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते रहे हैं और यह जो देश में सांप्रदायिकता कटुता का अंत सामाजिक न्याय के संघर्ष से ही संभव है।

# एचइसी प्रबंधन अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए व्यर्थ में लीजधारकों को धमकियां देना बंद करे : कैलाश यादव

### एलटीएल आवासों, दुकानों का रजिस्ट्री प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ करे, अन्यथा होगा व्यापक जन आंदोलन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एचइसी नागरिक संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने शुक्रवार को एचईसी प्रबंधन द्वारा दीर्घकालीन लीजधारकों को अमर्यादित टिप्पणी देने का कड़ा विरोध किया है।

गौरतलब है कि एचईसी प्रबंधन ने वर्षो से आवासीय परिसर में निवास करने वाले विभिन्न टाइप के लीजधारकों, दुकानदारों एवं झुग्गी झोपड़ी बनाकर 60-70 वर्षो से विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को लीज रद्द करने एवं विस्थापित करने की धमकियां दी हैं।

श्री यादव ने कहा कि एचइसी दैनिक वेतन कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सालो से वेतन लंबित होने के कारण उनके परिवारों का आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इससे मजदूरों और अधिकारियों में काफी रोष है तथा विगत दिनों से कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी प्रतिदिन आंदोलनरत हैं।

श्री यादव ने कहा कि एचईसी प्रबंधन ने जबसे विभिन्न टाइप के आवासों को दीर्घकालीन लीज पर लीजधारकों को आवास आवंटन किया है तभी से लीजधारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर परेशान करने का सिलसिला जारी है। लीजधारकों से दूसरे लोगो द्वारा खरीदे गए आवासों का लीज ट्रांसफर की प्रक्रिया भी अभी तक नही की गयी जबकि नियमानुसार प्रबंधन को 5 वर्षो के बाद से ही आवासों का लीज ट्रांसफर करना अनिवार्य था। इसलिए एचईसी प्रबंधन अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए नाटकबाजी करना बन्द करे और उत्पादन पर विशेष फोकस करे। व्यर्थ की धमकियां देने से बाज आए अन्यथा आवासीय क्षेत्र के तमाम लोग बतौर व्यापक जनांदोलन मुख्यालय का घेराव करने को बाध्य होंगे। मंच के वरीय उपाध्यक्ष सरजू प्रसाद ने बताया कि उक्त परिप्रेक्ष्य में एचईसी नागरिक संघ का प्रबंधन से मांग है कि वर्षो से लंबित तमाम टाइप के आवासों की रजिस्ट्री प्रक्रिया तथा आवासों का लीज ट्रांसफर प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ करे। आवासीय क्षेत्रों के आवंटित और बगैर आवंटित दुकानदारों का दुकान, जमीनों का रजिस्ट्री प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ करे। अस्थाई एस्बेस्टस सीट वाले लगभग 5 हजार दीर्घकालीन आवासों के छत ढलाई करने की मान्यता देकर अविलंब अधिसूचना जारी करे तथा एचईसी में कार्यरत कर्मचारियों/अधिकारियों का सालो से बकाया वेतन भुगतान कर मासिक वेतन नियमित करें।

### जेल अधीक्षक इडी कोर्ट में हुए हाजिर

**रांची।** ईडी को जेल का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराने से जुड़े मामले में शुक्रवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार का जेल अधीक्षक हामिद अंसारी ईडी कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से हाजिर हुए। कोर्ट ने 14 दिसंबर को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं कराने पर जेल अधीक्षक को तलब किया था। उनके साथ एजी कार्यालय से कोर्ट में पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता आशुतोष आनंद भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज देने में कुछ तकनीकी समस्या आ रही है। साथ ही निजता भी आड़े आ रही है। कुछ कैदियों ने भी लिख कर दिया है कि न दिया जाए। इससे निजता का हनन होगा। इस पर कोर्ट ने कहा कि ईडी सिर्फ मुख्यजेल गेट के बाहर का सीसीटीवी फुटेज मांग रहा है। ईडी ने सीसीटीवी फुटेज जेल प्रशासन से लेने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दी है। इस पर कहा गया कि सरकारी सेवक से जुड़ा मामला है। इसको देखते हुए जेल मैनुअल देखने के लिए समय दिया जाए। इस पर अदालत ने अगली तारीख 21 दिसंबर निर्धारित की है। उसी दिन अदालत आदेश पारित कर सकता है।

# रिम्स में ग्रेड मेथड फॉर क्लीनिकल गाइडलाइन डेवलपमेंट पर वर्कशॉप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिम्स में शनिवार से तीन दिनी ग्रेड मेथड फॉर क्लीनिकल गाइडलाइन डेवलपमेंट पर वर्कशॉप शुरू हुआ। इसमें रिम्स निदेशक प्रो डॉ कामेश्वर प्रसाद के साथ मुख्य वक्ता मैकमास्टर यूनिवर्सिटी कनाडा के डॉ गॉर्डन गयट व डॉ ब्रेम रोच्वर्ग शामिल हुए। डॉ कामेश्वर प्रसाद ने कहा कि भारत में उच्चस्तरीय क्लीनिकल गाइडलाइन के लिए ग्रेड नेटवर्क नहीं है। ग्रेड नेटवर्क विकसित होने से डॉक्टर बीमारियों के निजात के लिए साक्ष्य पर आधारित दिशा निर्देश तैयार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि इस नेटवर्क का उपयोग कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा किया जा रहा है।

### शोधकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे

डॉ ब्रेम रोच्वर्ग ने कहा कि इस वर्कशॉप का उद्देश्य दिशा निर्देश तैयार करने में विशेषज्ञों, डॉक्टरों और शोधकर्ताओं को ट्रेनिंग प्रदान करना है, ताकि भविष्य में न सिर्फ गाइडलाइन तैयार करने में मदद करेंगे बल्कि अन्य शोधकर्ताओं को प्रशिक्षित करेंगे।

### ऑनलाइन जुड़े वर्कशॉप में 12 प्रतिभागी

इस वर्कशॉप में झारखण्ड सहित पूरे भारत के डॉक्टर लाभान्वित हो रहे हैं झारखंड के सभी मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों सहित एम्स दिल्ली, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ व अन्य राज्यों के 100 प्रतिभागी भाग ले रहे है। वहीं 12 प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से इस वर्कशॉप में जुड़े हैं।

**कोविड में बचाई लोगों की जान**

डॉ गॉर्डन गयट ने बताया कि ग्रेड नेटवर्क कई देश जैसे अमेरिका, कनाडा, स्पेन, चीन, ब्राजील में है। उन्होंने कहा कि दिशा निर्देशों के अभाव में डॉक्टरों को बीमारियों के सटीक इलाज में कठिनाई आती है। साक्ष्य पर आधारित दिशा निर्देश से मरीजों का सही इलाज हो पायेगा। इस पद्धति का उपयोग करके विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 महामारी के दौरान कुछ बेहतरीन दिशा-निर्देश बनाए हैं और लाखों लोगों की जान बचाई है।

# दूसरों के साथ न्याय, कृपा, नम्रता और प्रेम बांटकर खुशियां साझा करना सच्चा क्रिसमस : डॉ राकेश पॉल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** क्रिसमस का पर्व हम इसलिए मनाते हैं क्योंकि यह विशेष दिन पूरे जगत के उद्धारकर्ता येसु मसीह का जन्मदिन है। जिस तरह हम किसी व्यक्ति विशेष के जन्मदिन में उस व्यक्ति को महत्व देते हैं। उसी तरह क्रिसमस पर हमारे लिए येसु ख्रीस्त सबसे महत्वपूर्ण है। हम यह पर्व मनाते हैं। दूसरों को उपहार और भेंट देकर उसके जीवन में खुशियां लाते है। मिठाईयां और विभिन्न जायके के व्यंजन खाते हैं और खिलाते है। वह सब ठीक है। लेकिन हम सभी जो क्रिसमस का त्योहार मनाते हैं, उन्हें चाहिए कि हम प्रभु येसु से पूछें कि आप क्या चाहते है। गुड न्यूज सेंटर (जीएनसी) के संस्थापक निदेशक डॉ राकेश पॉल ने कहा कि पवित्र बाईबल के मिका के



अध्याय छह में (6-8) उल्लेख है मैं क्या लेकर प्रभु के सम्मुख आऊं और उसे क्या बलिदान चढ़ाऊं। इसका जवाब भी उसमें उल्लेखित है कि हे मनुष्य वो तुझे बता चुका है कि अच्छा क्या है और परमेश्वर इसे छोड़ कर और क्या चाहेगा. वह चाहता है कि सारी दुनिया उनके बताए अच्छे कामों को करे।

डॉ राकेश पॉल ने कहा सही मायने में क्रिसमस का संदेश है न्याय, कृपा और नम्रता। यदि प्रत्येक मनुष्य अपने जीवन में न्यायप्रिय रहे। कृपालु हो और नम्र रहेंगे तो यह प्रभु के लिए सबसे अच्छा उपहार होगा। अपने जीवन में न्याय, कृपा, नम्रता, निस्वार्थ प्रेम, सेवा को अंगीकार कर ही हम ख्रीस्त को सबसे अच्छा उपहार दे सकते है।

डॉ पॉल ने कहा कि इस वर्ष मैं और मेरा गुड न्यूज सेंटर (जीएनसी) परिवार जिसमें मेरी जीवन संगिनी लेनी पॉल, मेरा पुत्र और समस्त जीएनसी के लोग दूसरों के साथ उपहार बांटकर, कैदियों के साथ समय बिताकर तथा उनके साथ क्रिसमस का भेंट देकर खुशियां बांटते हुए क्रिसमस का त्योहार मनाएंगे। यही नहीं इस वर्ष हमारा परिवार खास कर उनके साथ जो बिल्कुल अभावग्रस्त जीवन जीने को मजबूर हैं, जो अपने लिए कुछ नहीं खरीद सकते हैं या किसी को कुछ दे नहीं सकते हैं, उनके साथ केक बांटकर, साथ में भोजन कर क्रिसमस की खुशियां साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा इस बार के क्रिसमस में खासकर बीमार, असहाय और समाज व परिवार से उपेक्षित लोगों के बीच भोजन, केक और यथासंभव गर्म कपड़े वितरित कर तथा उनकी सेवा कर उनमें बाबा येसु ख्रीस्त के प्रेम और उनके अनुग्रह को अनुभव करने की कोशिश होगी।

## आज का राशिफल
17-12-2022

मेष : शत्रु परेशान करेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें। आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें।

वृष : यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद न करें। नेत्र पीड़ा की संभावना। कुछ लाभ। यात्रा के योग टलेंगे।

मिथुन : जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कर्क : विरोधी कष्ट देंगे। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी।

सिंह : शाम के बाद खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। धनागम के अवसर बनेंगे। 'आ बैल मुझे मार' की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें।

कन्या : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कुछ लाभ के आसार दिखेंगे। गाय को रोटी दें। समय अनुकूल होगा।

तुला : संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। कष्टों में वृद्धि के योग हैं। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी।

वृश्चिक : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे।

धनु : दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धनलाभ के अवसर होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे।

मकर : घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। मातृपक्ष से परेशानी होगी। दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। प्रमाद का त्याग करना होगा।

कुंभ : शत्रु शांत रहेंगे। लाभ-हानि बराबर रहेंगे। प्रमाद बढ़ेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत होंगे।

मीन : नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शुभ समाचार की आशा बंधेगी। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे।

# रक्तदान कर युवा ही राज्य में रक्त की कमी को दूर कर सकते हैं : डॉ सिन्हा

## रांची विश्वविद्यालय में विजय दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस एवं रिम्स के संयुक्त तत्वावधान में विजय दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन आरयू के बेसिक साइंस बिल्डिंग परिसर में किया गया।

इस अवसर पर आरयू के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड राज्य में जितना रक्त की आवश्यकता है, उतनी आपूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि इस रक्तदान की कमी को युवा ही दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें ज्यादा से ज्यादा रक्तदान शिविर लगाकर अधिक से अधिक युवाओं को मोटिवेट कर रक्तदान के प्रतिशत को बढ़ाना होगा। उन्होंने रक्तदान करने के कई फायदों को विस्तार से बताया एवं रक्तदान करने वालों की अपनी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बीबीएम यूनिवर्सिटी, धनबाद के कुलपति डॉ सुखदेव भुई ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है। उन्होंने कहा कि जो नियमित रूप से अपना रक्तदान करते हैं वे हमेशा स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने आरयू के इस प्रकार के सार्थक पहल करने के लिए बधाई दी। आज के रक्तदान शिविर में रक्तदान हेतु कुल 130 छात्र - छात्राओं के मेडिकल टीम द्वारा जांच की गई जिसमें से कुल 86 र यूनिट रक्त रिम्स ब्लड बैंक के लिए संग्रह हुआ। आज के रक्तदान शिविर में रिम्स की चिकित्सक डॉ उषा सरोज , कविता देवधरिया, डॉ राजेन्द्र प्रसाद, डॉ काजोल, मुकेश आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

आज के रक्तदान शिविर में डी एस डब्ल्यू डॉ जीएस झा, डीन विज्ञान डॉ कुनुल कंदीर, मास कॉम के निदेशक डॉ बीपी सिन्हा, उप निदेशक वोकेशनल कोर्सेज डॉ स्मृति सिंह, डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ बीआर झा, डॉ एके डेल्टा, डॉ संजय कुमार डे, डॉ लाडली रानी, डॉ नीता लाल, डॉ सीमा केसरी, डॉ लतिका सिन्हा, डॉ अरुण कुमार पांडेय सहित कई प्राध्यापक शामिल हुए। संपूर्ण कार्यक्रम आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार एवं कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ हर्षिता सिन्हा की देखरेख में संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में एनएसएस के दिवाकर आनंद, फलक फातिमा, पुरषोत्तम, अनिकेत, सुरभि, सुधा, अंशु, आस्था, अक्षिता, मेराज, रोहित, सुभाष, अमन, पवन आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# डीपीएस रांची के शुभम झा का आइओक्यूएम में शानदार प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीपीएस राची के शुभम झा (कक्षा ) ने अपने उत्कृष्ट गणितीय कौशल का प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथमेटिक्स (आईओक्यूएम) 2022 - 23 के पहले चरण में अर्हता प्राप्त कर अपनी सफलता का परचम लहराया है एवं विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।

साथ ही, शुभम इस प्रतियोगिता के अगले चरण, इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ 2022 - 23) में शामिल होने के लिए भी क्वालिफाई कर चुके हैं।

इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के आठवीं से ग्यारहवीं कक्षा के कुल 05 विद्यार्थियों का चयन हुआ है जिसमें से एक डीपीएस राँची के शुभम हैं।

इस अवसर पर माननीय प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने शुभम को उनकी इस सफलता पर हार्दिक बधाई दी और आईएनएमओ में भी सफलता का परचम लहराने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कांके रोड में पुष्कर पुस्तक भवन के आउटलेट बुक सेंटर का उद्घाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची कांके रोड स्थित बीबी कांप्लेक्स गोंदा टाउन सीएमपीडीआइ के ग्राउंड फ्लोर स्थित पुष्कर पुस्तक भवन में नए एवं पुराने किताबों का संग्रह आउटलेट बुक सेंटर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन काशीनाथ पाठक, कल्याणी देवी, पुष्कर पाठक ,विष्णु कांत पाठक, पूजा कुमारी एवं आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन के मौके पर प्रतिष्ठान के संचालक विष्णु कांत पाठक ने बताया कि यहां पुस्तक प्रेमियों और छात्र-छात्राओं के लिए सभी प्रकार के किताबें एवं स्टेशनरी के सामान किफायती दरों पर उपलब्ध है। सीबीएससी आईसीएससी, जैक, कम्पेटिटिव परीक्षाओं से संबंधित छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य को देखते हुए कई तरह की किताबों का भी सम्पूर्ण संग्रह आउटलेट में है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से बालेश्वर नाथ पाठक, आशा देवी, त्रिभूवन नाथ पाठक, संध्या देवी, माहेश्वरी कुमारी, राकेश कुमार सिंह, सलिता कुमारी, चंद्रकांत पाठक,मुकेश नायक एव रेणु देवी के अलावा कई गणमान्य एव सैंकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल कांके में मिनी स्पोर्ट्स डे का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** कांके स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल में जूनियर बच्चों के लिए तीन दिवसीय मिनी स्पोर्ट्स डे इंटर हाउस खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्री नर्सरी से लेकर कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों के लिए अनेक आकर्षक खेलों का आयोजन किया गया जैसे जलेबी रेस, साइकिल रेस, टॉफी रेस आदि। इंटर हाउस प्रतियोगिता में करेज हाउस को प्रथम स्थान, राइटियस हाउस को द्वितीय स्थान तथा एक्जयूबरेंट हाउसफुल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक रंजना स्वरूप तथा विद्यालय की प्राचार्य जसप्रीत कौर ने पदक प्रदान कर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। विजय प्रतिभागियों में कक्षा द्वितीय के आरव उरांव, आरोही उरांव, आलोका कक्षा प्रथम से मोहित मर्सी,आशना कुमारी कक्षा केजी 2 से नीर, अनाहिता जायसवाल कक्षा केजी वन से काव्या आदित्य, आयरा एवं कक्षा प्री नर्सरी से यासू, अभिज्ञान, आयुषी रहे।

# भूमि हस्तांतरण को लेकर हुई बैठक में चार प्रस्ताव पारित

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार/रांची।** अशोका परियोजना ओसीपी में विजैन गांव की भूमि पर कोयला खनन एवं कोयला खदान का विस्तारीकरण को लेकर वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत विजैन मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वन अधिकार समिति विजैन के अध्यक्ष फकीरा गंझु ने किया प इस दौरान पूर्व कमेटी में संशोधन कर बैठक में नई समिति का गठन किया गया।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के बीच अशोका परियोजना विजैन पैच मैं कोयला उत्खनन एवं कोयला खदान के विस्तारीकरण को लेकर सीसीएल पिपरवार प्रबंधन को भूमि हस्तांतरण को लेकर 4 प्रस्ताव पारित किए गए द्य जिसमें विजैन के खाता संख्या 1 प्लॉट संख्या 72 रकबा 4.92 एकड़ जंगल, खाता संख्या 1 प्लॉट संख्या 82 रकबा 1.62 एकड़ जंगल कुल रकबा 6.54 एकड़ भूमि सीसीएल अशोका परियोजना ओसीपी के लिए अधिग्रहित भूमि को ग्राम वन अधिकार समिति विजैन द्वारा प्रस्तावित शर्तों के साथ स्वीकृति प्रदान की स्वीकृति प्रदान की गई ।

प्रस्ताव दो में अधिग्रहित वन भूमि पर दखल कब्जा जोत आबाद करने वाले ग्रामीणों को सीसीएल पिपरवार द्वारा उचित लाभ देने एवं नियमानुसार नियोजन करने ए प्रस्ताव संख्या 3 में अधिग्रहित भूमि पर घरए मकानए पेड़ पौधाए कुआं एतथा अन्य का नियमानुसार मुआवजा एवं उचित लाभ देने प्रस्ताव संख्या 4 में बिना नियोजन एवं मुआवजा दिए हुए उक्त भूमि पर कोयला खनन का कार्य शुरू नहीं किए जाने आदि प्रस्ताव पारित किए गए।

# विक्षिप्त को मिला डालसा का साथ, पहुंचा रिनपास

## पीएलवी भारती शाहदेव व पिंकु कुमारी ने व्यक्ति को मदद पहुंचायी

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के पीएलवी जो रांची जिला के विभिन्न ब्लॉक, अस्पताल व थाना में पदस्थापित हैं। माननीय झालसा के निर्देश तथा माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के दिशा-निर्देश पर गरीब-तबके व असहाय लोगों को मदद पहुंचा रहे हैं।

इसी कड़ी में डालसा के कार्यरत पीएलवी पिंकु कुमारी को एक विक्षिप्त व्यक्ति के बारे में जानकारी मिली। वह जिसकी सूचना डालसा सचिव को दी गयी। सचिव के आदेशानुसार निपास में पदस्थापित पीएलवी भारती शाहदेव से सम्पर्क कर उस विक्षिप्त व्यक्ति को मानसिक अस्पताल रिनपास में भरती करा दिया गया है। ज्ञात हो कि मरीज के परिवारवालों ने डालसा के पीएलवी पिंकु कुमारी से सम्पर्क किया तथा मदद की गुहार लगायी तो पीएलवी भारती शाहदेव व पिंकु कुमारी ने संयुक्त रूप से मरीज का रजिस्ट्रेशन कराया एवं मनोचिकित्सक से सम्पर्क कर मरीज का ब्लड जांच, कोविड जांच कराकर रिनपास में भरती करा दिया।

# मैथिली मंच के मिथिला पंचांग का लोकार्पण कल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मैथिली मंच, रांची की कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रतिष्ठित फोटोयुक्त मैथिली कैलेंडर सह पंचांग 2023 का लोकार्पण समारोह रविवार (18 दिसंबर) को होगा।

लोकार्पण समारोह का आयोजन विद्यापति दलान, झारखंड मैथिली मंच कार्यालय, हरमू, रांची में दिन में 2:30 बजे से होगा। इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी करने का निर्णय लिया गया है।

ज्ञात हो कि रांची में सर्वप्रथम झारखंड मैथिली मंच द्वारा कैलेंडर सह पंचांग का निर्माण किया गया था, जो अनवरत 15 वर्ष से लगातार समाज में निःशुल्क वितरित किया जा रहा है। बैठक में अध्यक्ष, महासचिव कोषाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी द्वारा अधिक से अधिक बंधु-बांधव व परिवार के साथ समारोह में भाग लेने के लिए लोगों से अनुरोध किया गया।

इस बैठक में अध्यक्ष बिनय कुमार झा, महासचिव बैद्यनाथ झा, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार झा, अरुण कुमार झा, नवल किशोर महतो, प्रेम चंद्र झा, जयंत कुमार झा, बाबूलाल झा, डी कुमार, बृज कुमार झा, दिगंबर झा, अभय कुमार झा, मोहन झा परोषी, सुकुमार, मकर चौधरी, संतोष झा, संतोष मिश्र आदि उपस्थित थे। यह जानकारी भारतेंदु झा ने दी।

# प्रभु की ओर मुखातिब होने का समय है आगमन काल : तिर्की

## जेसीवाईए के अध्यक्ष ने कहा, हमारी भूमिका सक्रिय हो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** क्रिसमस या ख्रीस्त जन्मोत्सव के पूर्व आगमन काल में तमाम मसीही या येसु ख्रीस्त को मानने वाले तमाम लोग उस ईश्वर की प्रतीक्षा करते हैं जो हमें खोजने और हमारी सुधि लेने आए। यही वजह है कि इस आगमन काल में पूरे जगत के मसीही या ख्रीस्त अनुयायियों के हृदय और जुबां में सिर्फ व सिर्फ एक ही प्रार्थना गुंजायमान रहती है। वह है मरानाथा जिसका अर्थ है हे प्रभु आइए। यह आगमन काल केवल प्रभु येसु का समस्त मानवजाति या मसीहियों की ओर आने का ही काल नहीं बल्कि जगत के मनुष्यो का प्रभु की ओर मुखातिब होने और मन, वचन, कर्म से प्रभु के सानिध्य में रहने का है।

झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के केंद्रीय अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने उक्त जानकारी खबर मन्त्र को दी। बताया कि इसलिए आगमन काल के दौरान तैयारी चाहे जैसी भी हो दीनी हो या दुनियावी बालक येसु को स्वीकार करने में हमारी भूमिका निष्क्रिय नहीं बल्कि सक्रिय होनी चाहिए। इसका सीधा मतलब यह हुआ कि हमें भी उनके (प्रभु) के लिए अपने जीवन व अपने हृदय में जगह बनान है ताकि हमारे हृदय रुपी चरनी में उनका वास हो सके।

आगमन काल हमें सभी को एक सुनहरा अवसर देता है कि वर्ष भर में किसी भी कारणवश प्रभु से दूर हो गए हों या उनके द्वारा दी गयी शिक्षा या राह से भटक गये हों तो हमें वापसी करनी है उनके बताए मार्ग की ओर ताकि आपके नाम से नही बल्कि यहोवा व्यवहार और कर्म से सच्चे अर्थों में उस मसीहा का अनुयायी बनें तभी सही मायने में क्रिसमस हमारे लिए अर्थपूर्ण होगा।

### जेसीवाईए का क्रिसमस कार्निवाल आज

**रांची।** हर साल की भांति इस वर्ष भी ख्रीस्त जन्मोत्सव के अवसर पर झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के नेतृत्व में 17 दिसंबर को विशाल क्रिसमस उत्सव यात्रा अर्थात क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन किया गया है। इस क्रिसमस कार्निवाल में येसु ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ने वाले राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्र के तमाम युवा, बच्चे बुजुर्ग मसीही इसमें शरीक होंगे। जेसीवाईए के महासचिव विकास तिर्की ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस क्रिसमस उत्सव यात्रा का शुभारंभ डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित लोयोला ग्राउंड से अपराह्न 3:00 बजे होगा। वहां से यह क्रिसमस यात्रा निकलकर डॉ कामिल बुल्के पथ से होते हुए अलबर्ट एक्का चौक पहुंचेगा। वहां एक सभा के बाद क्रिसमस कार्निवाल का समापन होगा। विकास तिर्की ने बताया कि इस वर्ष क्रिसमस उत्सव यात्रा का थीम है पवित्र ग्रंथ बाईबल से लूका (2:11) के वचन जिसमें लिखा है कि आज दाउद के नगर में तुम्हारे लिए एक उद्धारकर्ता जन्म है, और यही मसीह प्रभु है।श्री तिर्की ने बताया क्रिसमस उत्सव यात्रा का मुख्य आकर्षण में इसमें कई एक युवक युवतियां सांता क्लॉज के वेश में अपने कंधो पर उपहार की थैली लेकर लोगों को भेंट देंगे और साथ ही लोगों के साथ क्रिसमस की खुशियां और प्रेम साझा करेंगे। इसके अलावा पूरी यात्रा में लाइव क्रिसमस कैरोल क्रिसमस कार्निवाल का मुख्य आकर्षण होगा।

# राय की काजल अंडर 15 स्टेट क्रिकेट टीम में चयनित

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार/रांची।** राय बस्ती के रहने वाली काजल कुमारी पिता राजेन्द्र महतो का चयन बीसीसीआई अंडर 15 झारखंड स्टेट क्रिकेट टीम मे होने पर गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के संस्थापक गणेश कुमार महतो एवं क्लब के महिला खेल शिक्षिका किरण कुमारी ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

काजल कुमारी सबसे पहले अपने गांव मे गणेश स्पोरटिंग क्लब राय मे खेलकूद प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया था। गणेश स्पोटिंग क्लब राय द्वारा पुरानी राय मे आयोजित महिला क्रिकेट टूनामेंट सत्र 2015 से 2017 तक लगातार तिन सालो तक गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के प्रतिनिधित्व की एवं बेहतरीन प्रदर्शन की इसके बाद इन्हे गणेश स्पोरटिंग क्लब राय के द्वारा फुटबॉल का भी प्रशिक्षण दिया गया।

आपको बताते चलें कि काजल कुमारी ने अपनी पढ़ाई कस्तूरबा गांधी स्कूल बुंडू रांची से किया है। शिक्षा ग्रहण के दौरान काजल ने टीटीसी ग्राउण्ड मे संचालित सोनेनट क्रिकेट क्लब बुंडू मे क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया। जहां पर काजल कुमारी बेहतरीन प्रदर्शन करने लगी।

इसके बाद इनका चयन अंडर 15 झारखंड स्टेट क्रिकेट टीम मे हुआ। चयन होने की खुशी में खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगो ने बधाई दी है।

# यूनिसेफ और वर्ल्ड विजन की टीम ने सीआइपी का किया दौरा

**कांके।** वर्ल्ड विजन और यूनिसेफ की टीम ने 15 व 16 दिसंबर को केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान सीआईपी रांची का दौरा किया। पहले दिन उन्होंने अस्पताल के सभी विभागों का दौरा किया और वाश जल स्वच्छता और स्वच्छता सुधार के लिए मूल्यांकन किया कायाकल्प दिशानिर्देशों के अनुसार दूसरे दिन उन्होंने पहले दिन के आकलन के आधार पर कायाकल्प और वॉश पर सीआईपी कर्मचारियों के लिए कार्यशाला आयोजित की। यूनिसेफ और वर्ल्ड विजन टीम ने मूल्यांकन के आधार पर एक अनुकूलित सुधार योजना विकसित की। डॉ लक्ष्मी सक्सेना यूनिसेफ झारखंड और डॉ अविनाश शर्मा सीआईपी के प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुनील डॉ चंद्रशेखर महतो डॉ स्वप्ना डॉ के प्रसाद डॉ प्रियंका विश्व के साथ कार्यशाला का हिस्सा थे।

## स्पीड न्यूज

### सिल्लीः गूंज महोत्सव की पूर्व संध्या पर कैंडल मार्च आज

**सिल्ली।** स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय गूंज महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। गूंज महोत्सव की पूर्व संध्या पर शनिवार को सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के सभी जोन क्षेत्रों में अंधेरे से उजाले के प्रतीक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। गांव के महिला एवं पुरूषों हाथों में कैंडल लिए गांव व कस्बे का भ्रमण करेंगे। जिसमें सिल्ली में बुंडू मोड़ से एवं मुरी जोन के तुलसी पोखर के समीप से स्टेडियम परिसर तक, राहे चैक, बारेंदा चैक, सोनाहातु बजार चैक, दिलीप तिर्की चैक जोन्हा, रामपुर चैक, शहीद रघुनाथ महतो चैक बुढ़ाम आदि जगहों में केंडल मार्च में गांव के महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल होंगे।

### ग्राम प्रधानों ने सचिव को ज्ञापन सौंपा

**अनगड़ा।** ग्राम प्रधानों ने अपने मांगो के सर्मथन मे शुकवार को ग्राम प्रधान उमेश कुमार बड़ाईक के नेतृत्व में भु राजस्व विभाग सचिव के के सोन को ज्ञापन सौंपा गया स ग्राम प्रधानों ने सौपे गए ज्ञापन मे कहा है कि हमलोग पूरी तरह से ग्राम सभा में अलग थलग महसूस कर रहे हैं स इसलिए सरकार से माँग करते हैं कि सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों का अधिकार सुनिश्चित किया जाये। मौके पर ग्राम प्रधान उमेश कुमार बड़ाईक के साथ लोकनाथ मुण्डाए ग्रा सोमरा उराँव बाबूलाल बड़ाईक आदि ग्राम प्रधान मौजूद थे।

### अवैध कोयला लदा बारह चक्का ट्रक जब्त

**मांडर।** थाना अंतर्गत एनएच 75 पर स्थित कंदरी चील टोली के निकट शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर मांडर पुलिस ने अवैध कोयला लदे बारह चक्का ट्रक को जप्त कर लिया है। ट्रक के साथ पकड़े गये दो लोगों को जेल भेज दिया है। जेल जाने वालों में बालूमाथ के चेटर निवासी चालक बबलू खलखो व सेरेगढ़ा के कोयला मालिक हेमंत कुमार यादव शामिल हैं। थाना प्रभारी बिनय कुमार यादव ने बताया कि गश्ती के क्रम कोयला लदे ट्रक जेएच 19बी-6772 को गुरुवार की रात को रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर कंदरी चील टोली के निकट से पकड़ा गया। चालक बब्लू और कोयला मालिक हेमंत कोयला के संबंध किसी भी प्रकार का कागजात दिखाने में असमर्थ रहे। बताया गया कि कोयला को अवैध रूप से मगध कोल माइंस सेरेगढ़ा से रामगढ़ ले जाया जा रहा था। उनके ऊपर मांडर थाना प्राथमिकी दर्ज कर दोनो अभियुक्त को न्यायिक हिरासत भेजा गया है।

### सोनाहातू में जांच के बाद 40 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले

**सोनाहातू।** प्रखंड के पश्चिमी जोन के जामुदाग राधा रानी मंदिर परिसर में भगवान महावीर आई केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ;जैन समाजद्ध और गूंज परिवार के तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ अमित रंजनएडॉ अरशद राजाएडॉ दुबराज महतोए की टीम ने 255 लोगों के आँखों का जांच किया जिसमें 40 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण पाये गये।

### प्रखंड कर्मियों के बीच कार्यशाला आयोजित

**सोनाहातू।** प्रखंड सभागार में प्रधान लिपि अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कृषि विभाग की ओर से अल्प वर्षा पात एवं अल्प फसल अच्छादन के फल स्वरुप प्रखंड को सूखा घोषित किए जाने से संबंधित अनुग्रहित राहत कृषि इनपुट अनुदान भुगतान से संबंधित कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंडकर्मियों के साथ पंचायत जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को लाभ देने के प्रक्रिया की जानकारी दिया गया। के मौके पर पशुपालन पदाधिकारीए सहकारिता पदाधिकारी एबीटीएमए पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारीए अंचल निरीक्षकए प्रखंड समन्वयक एप्रधान सहायकए के अलावे प्रमुख सभी जनसेवकए पंचायत सचिव एकृषक मित्र एवं प्रखंड अंतर्गत प्रज्ञा केंद्र संचालक उपस्थित थे।

# पांच दिन से लापता पर्यटक का शव हुंडरू फॉल से किया बरामद

## परिजनों संग पिकनिक मनाने रविवार को पहुंचा था हुंडरू फॉल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** गत रविवार को गोला के डीवीसी चौक से अपने स्वजनों और साथियों के साथ हुंडरू फाल पिकनिक मनाने आए केशव गोस्वामी का शव शुक्रवार को फाल की दूसरी ओर जीप लाइन टावर के नीचे 150 फीट गहरे सुरंगनुमा एक खोह से बरामद कर लिया गया।शव को फाल के खोह से निकालने में 120 फीट रस्सी का सहारा लिया गया।सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि और झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के संरक्षक बालेश्वर बेदिया के नेतृत्व में फाल की सुरक्षा में तैनात पर्यटन मित्र पवन भोगता, चंद्रमोहन भोगता, अजय बेदिया, मोहित बेदिया, चंद्रदेव बेदिया, सोहन बेदिया व मनोज बेदिया ने अपनी जान को जोखिम में डाल कर दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम को लगभग पांच बजे केशव गोस्वामी के शव को फाल से बाहर निकाला।पानी में पांच दिनों तक रहने के कारण केशव का शव ठंडे में सिकुड़ गया था। काफी ऊंचाई से गिरने के कारण चोट लगने से चेहरा सहित शरीर के अन्य हिस्से जख्मी हो गए थे।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया है।पुलिस की सूचना पर केशव के स्वजन भी हुंडरू फाल पहुंचे थे। घटनास्थल पर मौजूद स्वजनों का रो.रो कर बुरा हाल था। गौरतलब हो कि गोला के डीवीसी चौक निवासी केशव गोस्वामी 50 वर्ष गत रविवार को अपने स्वजनों और साथियों के साथ हुंडरू फाल पिकनिक मनाने आए थे।पिकनिक मनाने के बाद सभी घर लौटने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान केशव वहां मौजूद नहीं थे। इस के बाद से ही पुलिसएफाल के पर्यटन मित्र और स्वजन केशव की खोज.बीन में जुटे हुए थे।



### परिजनों ने दर्ज कराया था मामला

इस संबंध में स्वजनों ने सिकिदिरी थाने में केशव की गुमशुदगी से संबंधित मामला दर्ज कराया था।शुक्रवार को लगभग तीन बजे जीप लाइन में तैनात पर्यटन मित्र पवन भोगता और चंद्रमोहन भोगता ने केशव के शव को देखा और इसकी सूचना सिकिदिरी थाना की पुलिस को दी। आशंका जताई जा रही है कि केशव की मौत फिसल कर फाल में गिराने से हुई है।केशव की मौत कैसे हुई यह पुलिस की जांच से पता चलेगा।

## पौष्टिक भोजन के साथ बच्चों की सुरक्षा भी जरूरी

# कुकिंग प्रतियोगिता में शामिल हुईं संकुल की रसोइया

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सीमित संसाधनों में स्कूली बच्चों को पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के उदेष्य से प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) ओरमांझी में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय रसोइयाओं के बीच कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रखंड षिक्षा प्रसार पदाधिकरी (बीइओ) ओरमांझी की अध्यक्षता में प्रतियोगिता में प्रखंड के आठ संकुल की रसोइया शामिल हुई। झारखण्ड राज्य मध्याहन भोजन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित मेनू के अनुसार निर्धारित बनने वाले भोजन के आधार पर प्रतियोगिता आयोजित किया था। जिसमें स्वादिष्ट व गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने वाली प्रथम विजेता सदमा संकुल के प्रथमिक विद्यालय बुंडु की रयोईया पार्वती देवी व दुतीय विजेता इरबा संकुल के अब्दुल क्यूम अंसारी उर्दू स्कूल इरबा की रयोइया कुरैसा खातुन को मुख्य अतिथि उपप्रमुख रिजवान अंसारी व बीडीओ विजय सोनी द्वारा प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीइओ सीमा कुमारी ने बताया कि रसोईया व सहायिकाओं द्वारा सीमित साधनों में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार कर, बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने व भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनन्दायी बनाने उदेश्य से सहायिकाओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं बीडीओ विजय सोनी ने प्रतियोगिता की सरहाना की और कहा रयोइयाओं के बीच कुंकिंग प्रतियोगिता निश्चित ही रयोइयाओं का उत्सावर्धन करेगी। उन्होने कहा सिर्फ प्रतियोगिता जीतना ही नही बच्चों को गुणवक्तपूर्ण पौष्टिक भोजन देना भी रयोइयों का उदेष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा भोजना बनाने व खिलाने के दौरान व बाद में भी बच्चों की सुरक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है।



तैयार भोजन को देखते बीडीओ और उप प्रमुख।

### निर्णायक मंडली में थे शामिल

निर्णायक मंडली में बीइओ, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी के प्रतिनिधि, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकरी, स्कूल के प्रधानमंत्री, स्वच्छता मंत्री, पोषण मंत्री के साथ मौके पर मुख्य रूप से ज्योति कुमारी, नीतु कुमारी, अरसाद अनवर, रीना यादव आदि उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा, कल्याण पर विशेष फोकस

# नदारद रहे कई विभाग के पदाधिकारी और अभियंता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पंचायत समिति की बैठक शुक्रवार को प्रखंड सभागार में हुयी। प्रमुख संगीता तिर्की की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता, बाल विकास, श्रम नियोजन, चिकित्सा, पशुपालन, कृषि, कल्याण, मनरेगा, सांख्यिकी, पीएम आवास, खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व व सहकारिता आदि विभाग से संबंधित कामकाज और योजनाओं की समीक्षा की गयी। इसमें स्वास्थ्यए शिक्षा और महिला व बाल कल्याण पर विशेष जोर दिया गया। सूचना के बावजूद विद्युत व वन एवं पर्यावरण समेत कई विभाग के पदाधिकारी व अभियंता अनुपस्थित रहे। इस पर सदस्यों ने कड़ी नाराजगी जताते हुये स्पष्टीकरण की मांग की। वहींए योजनाओं की गति तेज करने और इसके कार्यान्वयन में पारदर्शिता की वकालत की गयी। बीडीओ हरिशंकर बारिक ने विभागों के पदाधिकारी व अभियंताओं को जरूरी निर्देश दिये। इससे पूर्व उनकी पदोन्नति पर बधाई और पुष्प गुच्छ भेंट की



### बैठक में लिया हिस्सा

सीओ प्रदीप कुमार, बीएएचओ डॉ विजय, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, बीसीईओ देवेंद्र नाथ पांडेय, बीडब्लूओ अलख सिंह, बीएसओ मनोज कुमार, बीटीएम मोहन प्रजापति, सीआई संतोष उरांव, 15वें वित्त की बीपीओ दीपिका हेंब्रम, सीआरपी की बीपीओ हिना नाज, प्रभारी बीएओ मुकेश कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता की बीपीओ किरण कुमारी, अभियंता व समिति के सदस्य आदि।

## राज्य स्तरीय टीम ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**सोनाहातू।** शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय निरीक्षण टीम द्वारा सोनाहातू प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय, हाई स्कूल सोनाहातू और मिडिल स्कूल सोनाहातू का औचक निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व यूनिसेफ के गौरव वर्मा के साथ अरुणलता केरकेट्टा सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी एज्योतिकांत एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान टीम ने क्लास रूम, लैब, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, वोकेशनल रूम, एम एच एम रूम, मेडिकल कक्ष, छात्रावास, बाथरूम, रसोई कक्ष आदि का निरीक्षण किया।

## एक नजर में

### चान्होः बिरसा लाउंड्री सेंटर का उद्घाटन



**चान्हो।** बीजूपाड़ा हुटार मोड़ के निकट शुक्रवार को बिरसा लाउंड्री सेंटर का उदघाटन मांडर विधानसभा प्रत्याशी व युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। और उन्होंने कहा आज के आधुनिक दौर में पहनावे पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे मो लोगो को शहर जाने की जरूरत नही है वही काम आपके नजदिक बिरसा लॉन्ड्री सेंटर में कम मूल्य में होगा जिससे आपके समय के साथ पैसे किभी बचत होगी। इस दौरान लाउंड्री के संचालक बिरसा उरांव ने बताया कि उनके यहां घरेलू वस्त्र, साड़ी, लहंगा, सलवार सूट, कोट पेंट, जैकेट, जींस, शर्ट सहित स्कूल कालेज, हॉस्टल, होटल, रेस्टुरेंट, हॉस्पिटल, टेंट इत्यादि का सभी तरह का कपड़ा का ड्राइक्लीनए धुलाई एवं प्रेस मशीन द्वारा किया जायेगा। उदघाटन के मौके पर प्रो बिरसा उरांव, मुखिया मोहन उरांव, अरविंद सिंह, एनामुल हक, संतोष साहू, देवशरण शाही, कुंती सुरती लकड़ा, संदीप लकड़ा, सोमेश उरांव मौजूद थे।

### सिल्ली लैंपस में धान क्रय केंद्र का शुभारंभ

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड परिसर स्थित लैंप्स परिसर में शुक्रवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, विधायक प्रतिनिधि गौतम कृष्ण साहू, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, उप प्रमुख आरती देवी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि किसान बिचैलियों से बचें और लैम्प्स में ही अपना धान विक्री करें। सरकार द्वारा पैक्स के माध्यम से धान अधिप्राप्ति केंद्र में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2050 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदारी की जाएगी।



### मोरम की जगह सड़क पर डाली जा रही मिट्टी

**सिल्ली।** रांची पुरुलिया मार्ग की मुरी सिल्ली में मरम्मत का काम जोरों पर है। सड़क निर्माण के दौरान सड़क के दोनों ओर मुरुम के जगह चिकनी मिट्टी डाली जा रही है। इससे सड़क पर आनेजाने वाले यात्रियों व वाहनों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। मुरुम की जगह मिट्टी डालने से थोड़े से पानी मिलने पर कीचड़ हो जायेगा। उन कीचड़ों में वाहन फंसने एवं हल्के दुपहिया वाहनो को सड़क पर चढ़ने के दौरान फिसलने एवं फंसने का खतरा हो सकता है। वाहन सड़क और चढ़ने उतरने के क्रम में पूरे सड़क पर कीचड़ फैल जायेगी। इससे पूरी सड़क कुछ ही दिन में धूल से सन जायेगी।ऐसे में आम लोगों को भी परेशानी होगी।लोगों ने सड़क निर्माण एजेंसी से मिट्टी की जगह मुरुम देने की मांग की है। ताकि आने वाले दिनों में परेशानी न हो।



### तसर संवर्धन पर संस्थान की उपलब्धियों पर चर्चा

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को प्रेस मिलन कार्यक्रम के तहत तसर संवर्धन के क्षेत्र में संस्थान की उपलब्धियों एवं भावी रणनीति पर पारस्परिक चर्चा का आयोजन किया गया ण्संस्थान की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ के सतनारायण ने बताया की संस्थान में मुख्य रूप से अनुसंधानए तकनीकी एहस्तांतरण प्रशिक्षण एवं तसर रेशम हित धारकों के लाभार्थी विभिन्न तसर उत्पादक राज्यों को परामर्शी सेवाएं देने संबंधी कार्य कर रहा है। संस्थान कृषकों की आय दुगुना करने हेतु सतत प्रयत्नशील रहा है समय समय पर कृषि मेला के माध्यम से किसानों को प्रात्साहित करते है। उन्होंने कहा हमें प्रेस व मीडिया का सहयोग सदैव संस्थान को मिलता रहा है। कार्यक्रम में संस्थान के सभी वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर जेपी पांडे वैज्ञानिक ने किया।

### मुंडा ब्रदर्स का लखटकिया टूर्नामेंट पर कब्जा

**सोनाहातू।** जन कल्याण युवा विकास क्लब मारांगकिरी . चरकुडीह के तत्वावधान में अगहन संक्रांति पर्व के अवसर आमटांड़ मैदान में 39 वां एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मुंडा ब्रदर्स सोनाहातू ओर डिसिप्लिन क्लब सोनाहातू की टीम के बीच खेला गया। जिसमें मुंडा ब्रदर्स सोनाहातू विजेता बना। वहींएजर्मन इलेवन डोभो तृतीय ओर लाल सागर नामकुम चतुर्थ पर रहे। मुख्य अतिथि आजसू प्रमुख व विधायक सुदेश महतो ने फाइनल मैच का उद्घाटन किया तथा विजेता टीम को आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतोए के द्वारा नगद 1 लाख 15 हजार रुपए व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथियों के द्वारा उपविजेता टीम को नगद 90 हजार रुपए व ट्रॉफी दिए गए। वहींए तृतीय व चतुर्थ स्थान रखने वाले दोनों टीमों को नगद 51-51 हजार रुपए कमिटी की ओर से दिये गये।

### नीरजा सहाय डीएवी में साइक्लोथौन का आयोजन

**पिठोरिया।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल ने विद्यालय परिसर से रिंग रोड स्थित आइटीबीपी कैंपस तक साइक्लोथौन का आयोजन किया। 8 किलोमीटर के इस साइकिल जागरूकता अभियान को झंडा दिखाकर गांधीनगर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल श्री एस के सिन्हा ने रवाना किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को व विद्यालय के इस अभियान का स्वागत करते हुए सभी को प्रेरणा लेने के लिए कहा । अन्य विद्यालय भी नीरजा सहाय के इस प्रारंभ का अनुसरण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दें।

# मुख्यमंत्री पशु धन योजनाः इटकी में 346 लाभुकों का चयन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत इटकी प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को प्रखंड प्रमुख किरण उरांव की अध्यक्षता में आयोजित चयन समिति की बैठक में 346 लाभुकों का चयन किया गया। गव्य विकास योजना के तहत दो गाय के चयनित 139 लाभुक, पांच गाय के 72 लाभुक और 10 गाय के आठ लाभुकों का चयन किया गया। पशु आहार एवं चारा विकास योजना में प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना में 19 लाभुकों का जबकि पशुपालन के तहत बतख में 42 बॉयलर कुकुट पालन योजना में 30, लेयर कुकुट पालन में पांचए बकरा विकास योजना में 56, सुकर विकास योजना में 6 लाभुकों का चयन किया गया। जबकि कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति को शत प्रतिशत अनुदान पर बकरा विकास में 22, सुकर पालन में दोए बॉयलर कुकुट पालन में 3, लेयर कुकुट पालन में एक लाभुकों का चयन किया गया। इटकी बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के लाभुकों को शत प्रतिशत अनुदान पर लाभ दिया जाएगा। वहीं पशुपालन योजना में अत्यंत पिछड़ी जाति को 75 प्रतिशत अनुदान पर उक्त योजना का लाभ मिलेगा।



### 90 प्रतिशत अनुदान पर मिलेगी गाय

गव्य विकास के दिव्यांग, विधवा सहित लाभुकों को 90 प्रतिशत अनुदान पर, अनुसूचित जाति को 75 प्रतिशत अनुदान पर और सामान्य जाति के लाभुकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर लाभ दिया जायेगा। चयन समिति की बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य रीना देवी, उप प्रमुख परवेज आलम, कल्याण पदाधिकारी कलेश्वर महतो, जिला गव्य तकनीकी पदाधिकारी वशिष्ठ सिंह, भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ शिवानंद काशी व विधायक प्रतिनिधि रमेश महली शामिल थे।

# सीएचसी कांके में मरीजों के संग मनाई क्रिसमस गैदरिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांके।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में यहां पदस्थापित चिकित्सकों नर्सों स्वास्थ्य कर्मियों सहियाकर्मियों ने एक साथ मिलकर मरीजों के साथ क्रिसमस गैदरिंग मनाई और प्रभु यीशु के जन्मदिन दिवस के मौके पर क्रिसमस केक काटकर वितरण किया। इस मौके पर चिकित्सा प्रभारी डाण धनुजय सुमराई ने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार हमें प्रेम और शांति का संदेश देता है। उन्होंने प्रभु यीशु से प्रार्थना किया कि कोविड.19 जैसी महामारी हमारे देश में फिर कभी ना आए। सभी देशवासियों के स्वास्थ्य अच्छा रहने के लिए इन्होंने प्रार्थना किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्रिसमस और नववर्ष में सभी एक दूसरे के साथ मिलकर त्योहारों को खुशी के साथ सेलिब्रेट करें। क्रिसमस और नववर्ष में लोग नशापान ना करें। स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले नशा पदार्थों का सेवन नहीं करें। स्वास्थ्य केंद्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को चिकित्सा प्रभारी डॉ सुमराई ने पुरस्कार देकर पुरस्कृत भी किया क्रिसमस गैदरिंग के मौके पर सांता क्लॉज ने सभी के बीच टोपियां भी बाटी। मौके पर निगरानी निरीक्षक अखिलेश प्रसाद डा मनीला दुलारी तिर्की डॉ रोज डॉ पल्लवी डॉ पर्ल भीम महतो संजय राय मोबिना सम्मी मनीषा आदि मौजूद थे।

# धनेश्वर साहू खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी कतरपा स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय धनेश्वर साहू वार्षिक खेलकूद मीट 2022 के उद्घाटन समारोह उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ के सत्यनारायण समाजसेवी तपेश्वर केशरी ए होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य आरती दयाल, झामुमो नेता राखी देवी तथा स्कूल के निदेशक सुरेश साहू ने संयुक्त रूप से खेल मशाल में दीप प्रज्वलित कर दो दिवसीय खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है प्रतिभावान इनके प्रतिभा को पहचान ही विद्यालय की महत्वता है बच्चे पढ़ाई के साथ.साथ खेल पर भी ध्यान दें और अपनी प्रतिभा को निखरें। वहीं समाजसेवी तपेश्वर केसरी ने कहा कि कम समय में विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को उच्च कोटि का शिक्षा दे रहा है जो सराहनीय है।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर मुख्य अतिथि के सत्यनारायण ने एसडीएस वार्षिक खेल मीट 2022 के स्मृति में आम का पौधा लगाया। मौके पर स्कूल ट्रस्टी किरण देवी, प्राचार्य विद्या रानी, विद्यालय प्रभारी समीरा एक्का, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाई पांच किमी सड़क

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** राजधानी रांची से लगभग 25 किलोमीटर दूर कांके प्रखंड के राड़हा पंचायत के नगड़ी जारा गांव में ग्रामीणों के श्रमदान से लगभग 5 किलोमीटर सड़क निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों के साथ युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष जमील अख्तर शुक्रवार को वहां पहुंचकर सड़क निर्माण कराने में ग्रामीणों को अपना सहयोग किया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में कई बार इस सड़क निर्माण को लेकर सांसदए विधायकए जिला परिषद सदस्य और विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन अब तक सड़क नहीं बनी। इन्होंने बताया कि इस टोला के लोगों को राँची पतरातू मुख्य मार्ग तक जाने के लिए जर्जर रास्ते से पैदल जाना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में यहां के लोग बीमार पड़ने पर उन्हें चारपाई से उठा कर ले जाना पड़ता है। क्योंकि यहां तक सड़क नहीं होने के कारण कोई भी वाहन या एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती है। प्रसव के दौरान भी महिलाओं को चारपाई से उठाकर ले जाना पड़ता है। विगत कई बार मरीज को ले जाने के दौरान सड़क पर ही प्रसव हुई है। सरकार से गुहार लगाकर थक चुके यहाँ के ग्रामीणों ने स्वयं सड़क निर्माण के बीड़ा उठाया है। यहां के अधिकांश योग मजदूर और छोटे किसान हैं। यहां के लोग आपस मे चंदा कर सड़क बनाने का निर्णय लिया। वही कांग्रेस नेता जमील अख्तर ने ग्रामीणों को बताया कि बहुत जल्द यहाँ पेयजल और सड़क की समस्या दूर होगी। ज्ञात हो कि राडहा पंचायत के नगड़ी जाराए पिपरा जाराए उरांव टोलाए जोरदागए तीर बेड़ा आदि गांव के लोग इस सड़क से होकर गुजरते हैं।



## स्पीड न्यूज

### लिलिपुट प्ले स्कूल में वार्षिक एक्टिविटी कार्यक्रम



**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक एक्टिविटी कार्यक्रम हुआ। जो 14 से शुरू होकर 16 दिसंबर को संपन्न हुआ। इसमें स्कूल के सभी बच्चों के बीच ताइक्वांडो, स्केटिंग और डांस की प्रतियोगिताएं हुई। प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता का उद्देश्य पढ़ाई के अलावा हर क्षेत्र में बच्चों का विकास करना है। प्रतियोगिता में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। डायरेक्टर राजीव गोयल ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चे को कम अनुपस्थित करवायें।

### प्रखंड के बीइओ ने दिया योगदान



**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पद पर शुक्रवार को महेंद्र प्रजापति ने बीआरसी कार्यालय में योगदान दिया। जिला शिक्षा अधीक्षक पलामू के पत्रांक 1695 दिनांक 15-12- 022 के आदेशानुसार योगदान दिया है। कई शिक्षकों उन्हें बुके देकर स्वागत किया। बीइओ ने कहा कि विभागीय कार्यों सहित विद्यालयों की प्रबंधकीय एवं बुनियादी शिक्षा व्यवस्था में सुधार हमारी प्राथमिकता है। मौके पर शिक्षक प्रतिनिधि अरुण चौधरी, अब्दुल रहीम, चक्रवर्ती सिंह, प्रेम चौधरी, विजय बहादुर सिंह, शैलेश सिंह, निरंजन सिंह, रामराज राम, सत्येंद्र राम, विश्वनाथ राम रवि, सत्येंद्र सिंह, संदीप रंजन, प्रदीप सिंह, नरेंद्र सिंह आदि थे।

### प्रमुख के दुर्व्यवहार से कर्मचारी नाराज



**पाटन पलामू।** प्रखंड प्रमुख व पंचायत समिति सदस्यों के दुर्व्यवहार से नाराज प्रखंड सह अंचल कर्मियों ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना दिया। उनका कहना है कि प्रमुख व पंसस प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर दी। सरकारी कर्मियों को कार्यालय में बंद रखना कहीं से भी उचित नहीं है। तालाबंदी के विरोध में आयोजित धरना में कर्मियों ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। अध्यक्षता प्रखंड के प्रधान सहायक मृत्युंजय सिंह व संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह ने किया। मौके पर देवेंद्र उपाध्याय, ललित नारायण सिंह, श्रीकांत सिंहपंचायत सचिव अहमद हुसैन, अनिल पासवान, रामभजन राम, सुरेश सिंह, जनसेवक सुनील कुमार, अजीत मिश्रा, संतोष कुमार, आलोक पांडेय, अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक सुशील कुमार, नाजीर अमित कुमार, राजस्वकर्मी मो परवेज आलम, खुर्शीद आलम भी थे।

### मनातू में आयुष ऑनलाइन सेवा केंद्र का खुलना विकास का प्रतीक : उमेश



**मनातू पलामू।** पुराना बाजार में आयुष ऑनलाइन सेंटर का उद्घाटन करते हुए मनातू प्रखंड के 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू ने कहा कि मनातू में आयुष ऑनलाइन सेंटर का खुलना विकास का प्रतीक है। अब मनातू के लोगों को तमाम तरह की ऑनलाइन सेवाएं मिलेंगी। चाहे वह रेल टिकट, सुखाड़ का फॉर्म, पैसा निकासी या ऑनलाइन सभी सुविधा उपलब्ध है। ऑनलाइन सेंटर के प्रोपराइटर उज्ज्वल कुमार को बधाई दी। कहा कि ऑनलाइन दुकान ईमानदारी से चलायें ताकि ग्राहकों का विश्वास बढ़े। मौके पर डॉ मिथिलेश यादव, डीलर संघ के अध्यक्ष शिवकेश्वर गिरी, संजय गुप्ता, विजय प्रसाद, रामेश्वर साहू, पिंटू अग्रवाल, प्रकाश साव, अमरनाथ सिन्हा, पवन गुप्ता, विकाश चंद्रवंशी, संतोष साहू, चुन्नु साहू, बिपिन गुप्ता, राकेश कुमार, बिरेंद्र प्रसाद, नन्हक साहू, सुरेंद्र प्रसाद आदि भी थे।

### हॉस्पीटल प्रबंधन लापरवाह, मामला दर्ज

**सतबरवा पलामू।** पोलपोल नावाडीह के पलामू अस्पताल में बारी की महिला रेखा देवी (25) की मौत हो गयी। बुधवार की रात पति अमित कुमार ने थाना में मामला दर्ज कराया है। थाना इंचार्ज रेणुका कुमारी ने बताया कि गुरुवार को मृत महिला का मेदिनीनगर के एमएमसीएच से पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। अमित ने पत्नी की मौत का कारण हॉस्पिटल प्रबंधन की लापरवाही बताया है। प्रसव के बाद महिला बेहोश हो गई थी। उसे सदर अस्पताल रेफर किया गया था। अस्पताल के चिकित्सकों ने महिला के जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में जुटी है।

### अनुपस्थित अधिकारियों से नाराजगी



**पड़वा पलामू।** प्रखंड सभागार में प्रखंड सतर्कता समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रमुख गीता देवी व संचालन बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने किया। बैठक में अनुपस्थित समिति के अधिकारी व सदस्यों को ले प्रमुख ने नाराजगी जाहिर की। प्रमुख ने कहा कि बैठक से एफसीआई गोदाम एजीएम का अनुपस्थित रहना कार्य के प्रति उदासीनता दर्शाता है। जब अधिकारी व मनोनीत सदस्य ही गायब रहेंगे तो लाभुकों की आवाज कौन बनेगा। बीडीओ सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने गोदाम प्रतिनिधि से ससमय डीलर को आवंटन की अनाज देने का आदेश दिया। बैठक में उप प्रमुख धर्मवीर सिंह उर्फ मंटू, सतेंद्र मेहता, डीलर सत्यदेव तिवारी, हरेंद्र राम, विनोद पासवान, दिनेश मिश्रा, जयप्रकाश सिंह मौजूद थे।

### पूर्व सैनिकों ने मनाया विजय दिवस



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद 16 दिसंबर 1971 का विजय दिवस बड़े ही धूमधाम से रेडमा स्थित वीर योद्धा सैनिक 1971 के शिवजी सिंह के निवास कार्यालय में मनाया। मौके पर जिला अध्यक्ष गया नंद पांडे ने कहा कि आज के दिन ही सैनिकों ने 1971 का युद्ध जीता था। संचालन महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम 1971 के परमवीर चक्र शाहिद अल्बर्ट एक्का को पुष्पमाला के साथ श्रद्धांजलि दी। 1971 के वीर योद्धा शिवजी सिंह, राजदेव तिवारी, विजय सिंह, गिरवर मेहता, गिरवर शुक्ला, यू एन पांडे बैधनाथ पाल, महावीर पाल, तापसी प्रसाद पाल 1971 के वीर योद्धाओं को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर गिरवर प्रजापति, शंभू नाथ सिंह गिरवर मेहता अशोक मेहता, जनार्दन सिंह, केदार महतो, अगस्त तिवारी, बृजबिहारी सिंह, विजय सिंह, हरिहर तिवारी, रमन श्रीवास्तव, कामाख्या नारायण सिंह, मुक्तेश्वर कुमार मेहता, समता प्रसाद शर्मा, बृजकिशोर मेहता आदि मौजूद थे।

# पांकी विस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास हमारी प्राथमिकता है : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पांकी पलामू।** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि विकास एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है जो पांकी विस क्षेत्र में निरंतर जारी है। वे मजदूर किसान डिग्री कॉलेज में भवन निर्माण कार्य के शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं अनवरत प्रयासरत हूं और इसमें मुझे सफलता भी मिल रही है। शिक्षा, चिकित्सा, पानी बिजली और अच्छी सड़कें विकास का द्योतक है। क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक ये सुविधाएं पहुंचे ऐसा मेरा प्रयास है। क्षेत्र के बच्चे बच्चियां अच्छी शिक्षा ग्रहण कर क्षेत्र का नाम रौशन करें।



इसी कड़ी में आज अपने विधायक निधि से मजदूर किसान कॉलेज, डंडारकला, पांकी में कमरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया ताकि पठन पाठन में कोई दिक्कत नहीं। पूर्व के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से क्षेत्र की जनता ने झेला है।

**मौके पर उपस्थित :** मजदूर किसान डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप राम, इंटर महाविद्यालय के सचिव रामछेदी सिंह दांगी, बिंदेश्वर सिंह, पश्चिमी जिला पार्षद निधि सिंह, मुखिया ताल अनीता लोहरा, डंडार मुखिया प्रद्युमन सिंह उर्फ गुड्डू, निरंजन यादव, पकरिया मुखिया पति मिंटी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पलामू जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन

# जिला के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की सख्त जरूरत: मेयर

- महापौर ने जावा मोटरसाइकिल शोरूम का किया उद्घाटन
- शोरूम खुलने से मिलेगा रोजगार, रुकेगी पलायन : अरुणा शंकर
- एलआईसी के क्षेत्र में लोगों को स्वरोजगार से जोड़ा, अब शोरूम से जोड रहे हैं : बी के चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के बाईपास रोड स्थित बीकेसी मोटर राइडर के तत्वावधान में जावा बाइक शोरूम स्थापित किया गया। इसका उद्घाटन नगर निगम के महापौर अरुणा शंकर ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महापौर ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में लोगों के मनपसंद के मुताबिक दो पहिया, चार पहिया वाहन के शोरूम खुलना जिलेवासी के लिए शुभ संकेत है। जावा बाइक शोरूम के खुलने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। जब लोगों को घर में ही रोजगार मिलेगा तो इससे काफी हद तक पलायन भी रुकेगा। नगर निगम क्षेत्र में एक से बढ़कर एक कंपनियों के शोरूम खोले गये हैं, जो शहर की खूबसूरती को बढ़ाता है। जावा बाइक शोरूम के खुल जाने से पुरानी बाइक अब नये मॉडल में लोगों को उपलब्ध हो रहा है। यह जिले वासियों के लिए खुशखबरी है। मेयर ने कहा कि नगर निगम



**कार्यक्रम में ये भी उपस्थित :** मौके पर ममता चौधरी, सुधीर अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह डिंपल, विनोद उदयपुरी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

क्षेत्र में व्यवसायी भयमुक्त शांति माहौल में व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं। इतना ही नहीं व्यवसाय में युवा वर्ग को उतरना समाज के लिए लाभदायक है।

## जनता दरबार : उपायुक्त ने में सुनी लोगों की समस्याएं

# समस्या समाधान के लिए कई बीडीओ-सीओ को किया फोन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेश्म में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा। प्राप्त मामलों का निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार के पूर्व उपायुक्त ने पाटन की दिव्यांग महिला किरण कुमारी का मुख्यमंत्री रोजगार सृजन



जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त व अन्य।

योजना संबंधित आवेदन को स्वीकृत कर भुगतान की प्रक्रिया आरंभ करवाया साथ ही उक्त महिला को ट्राई साइकिल भी दिया। ज्ञात हो कि 8 दिसंबर को किरण कुमारी ने जिला भ्रमण पर आये मुख्यमंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के लाभ हेतु आवेदन दिया था। जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने छत्तरपुर सीओ, हरिहरगंज सीओ, सदर एसडीओ, चैनपुर बीडीओ, विभिन्न सीओ समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज गति से निष्पादित करने को कहा।

**जनता दरबार में पेंशन के कुल नौ मामले आये**

जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 9 मामले आये जिसमे वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन के मामले सामने आये। उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित बीडीओ को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों में स्वीकृत करने को कहा। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, पीएम आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों में निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## पलामू जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का समापन

# जिला के युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की सख्त जरूरत : अरुणा शंकर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन ने जी एल ए कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय जूनियर बालक बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता करायी। जिसमें जिला के विभिन्न प्रखंडों से 360 बालक-बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि मेयर अरुणा शंकर और पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा एवं विशिष्ट अतिथियों में रामचंद्र चंद्रवंशी बीपीएड कॉलेज के प्राचार्य अरविंद त्रिपाठी, एलआइसी के विकास अधिकारी विवेकानंद झा, समाजसेवी महेंद्र कुशवाहा, पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडे, पलामू जिला कबड्डी संघ के सचिव कमला नंद दुबे शामिल थे।



**खास बातें :** एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने मेयर अरुणा शंकर को एवं एथलेटिक्स संघ के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा को बुके देकर स्वागत किया। मेयर अरुणा शंकर ने हरी झंडी दिखाकर 600 मीटर दौड़ प्रारंभ कर खेल का उद्घाटन किया। मेयर ने कहा कि पलामू जिले के विद्यार्थियों में प्रतिभा की कमी नहीं है बल्कि इसे निखारने की जरूरत है। कहा कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों के लिए खेल भी आवश्यक है। खेल अनुशासन, एकता व संघर्ष करना सिखाता है। प्रतिभागी बेहतर प्रदर्शन कर अपना व जिला का नाम रोशन करें।
प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय, एवं तृतीय स्थान पाने वाले को मेडल एवं प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतियोगिता का संचालन पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमलानंद दुबे , प्रदीप कुमार मेहता , मुकेश कुमार ठाकुर, के देखरेख में एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे ,मोनू कुमार, प्रीति कुमारी, सोनी कुमारी, तारा कुमारी, अमित राज, गोविंद गिरी, प्रिया कुमारी, अक्सा नाग, नेहा कुमारी, विनीता कुमारी, तरहसी से गोपाल जी, प्रशिक्षा रंजन एवं बी पी एड कॉलेज के प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु शिक्षकों ने किया।

## बाल संसद की बैठक में शिक्षा को बढ़ावा देने का लाया प्रस्ताव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के धावाडीह पंचायत अंतर्गत आने वाला सभी सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को बाल संसद की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया रिंकी देवी ने किया। वहीं पंचायत सचिव सूर्यदेव विश्वकर्मा, सीआरपी सुधीर कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। इस दौरान उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहरा पोखरी हरिजन टोला में स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई प्रस्ताव लाया गया। जिसमें विद्यालय में कंप्यूटर की व्यवस्था, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था, सोलर युक्त बिजली की व्यवस्था, वर्ग वार प्रिंट रिच, बेंच डेस्क , छोटे बच्चों के लिए झूला समेत दर्जनों प्रस्ताव लाया गया



है। मौके पर मुखिया रिंकी देवी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्राम पंचायत को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिसके तहत विद्यालयों में शिक्षा से जुड़े बुनियादी सुविधाओं को बच्चों के अनुकूल उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर प्रभारी प्राचार्या बिमला कुमारी, मालती देवी, संजय यादव, सलीमु उद्दीन अंसारी, रामपफल उरांव, यशवंत यादव, सेठा यादव, वीरेंद्र साहू श्रवण राम समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

## ब्रेन हेंब्रेज से सहायक अवर निरीक्षक की मौत,परिजन समेत पूरे गांव में शोक

**नम आंखों से दी गयी सलामी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड थाना क्षेत्र के पथरा पंचायत निवासी व झारखंड के गुमला जिला के सिसई में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर पदस्थापित अरविंद राम की मौत ब्रेन हेम्ब्रेज होने से हो गया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर को हुसैनाबाद लाया गया एवं झारखंड पुलिस के एवं हुसैनाबाद थाना के प्रभारी सौरभ कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने नम आंखों से उन्हें सलामी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार वे गुमला जिला में पदस्थापित थे जिनका झारखंड के प्रमोशन के लिए पुलिस केंद्र गुमला में ट्रेनिंग चल रहा था बीते 28 नवंबर को सुबह लगभग 5 बजे पैरालाइसिस की शिकायत आयी। जांच में ब्रेन हेंब्रेज की बात सामने आयी, जिसके बाद इन्हें पटना के उदय नारायण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा था। इसी दौरान 15 दिसंबर को मौत हो गई। इससे गांव एवं घर मे मातमी मौहाल हैं उनकी पत्नी और नवनिहाल बच्चों की रो रो कर हाल बुरा हो गया है। वहीं उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार की दोपहर 12 बजे के करीब गुमला पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमन कुमारी, उपाध्यक्ष दिलीप टू डू सहित अन्य पुलिस के जवान साथ आये थे।

### हुसैनाबाद : पत्थर लदा अवैध ओवरलोड हाइवा जब्त



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र में इन दिनों प्रशासन के सख़्त निर्देश के बाद भी पत्थर माइनिंग की अवैध धुलाई हो रही है। गुरुवार को हुसैनाबाद एसडीएम कमलेश्वर नारायण ने रेल क्रोसिन जेपी चौक के समीप से एक ओवर लोड अवैध रूप से पत्थर लदे हाइवा (जेएच 10 बीवी 8709) को जब्त कर हुसैनाबाद थाना में लगा दिया एवं जिला खनन विभाग को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेज दिया है। श्री नारायण ने बताया कि ड्राइवर के पास चालक लाइसेंस भी नहीं था। चलान मांगा तो नहीं दिखाया व ओवरलोड था। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन व माइनिंग करने वालों पर लगातार अभियान चलाया जायेगा।

### सतबरवा : सीओ ने कई स्कूलों में ली क्लास



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा सीओ प्रशांत कुमार साह ने गुरुवार को आधा दर्जन के करीब स्कूलों में जाकर छात्रों को पढ़ाया। सुपर चेकिंग के दौरान मतदाताओं का बूथ देखने पहुंचे सीओ ने कन्या मवि सतबरवा, उमवि रजडेरवा, हलुमाड, दुलसुलमा समेत आधा दर्जन के करीब स्कूल पहुंचे और वहां छात्रों को पढ़ाया। सीओ ने बताया कि छात्रों को अंग्रेजी, गणित, हिंदी, विज्ञान और अन्य विषय के बारे में ब्लैक बोर्ड पर समझाया। छात्र स्कूल ड्रेस में नहीं थे। इस स्थिति को देखते हुए सीओ ने शिक्षकों को छात्रों के रहन-सहन तथा स्कूल में बन रहे हैं एमडीएम के बारे में पूछताछ की।

### तरहसी : मृतक के पति को मिला दो लाख का चेक



**तरहसी पलामू।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा तरहसी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ मृतक सिंधु देवी (40) के पति नरेश मिस्त्री को दो लाख के चेक के माध्यम से दिया। चेक देने वालों में शाखा प्रबंधक निखिल कुमार, बीडीओ सच्चिदानंद महतो, जेएसपीएल विभाग के कौशल कुमार एवं कई लोग थे। शाखा प्रबंधक ने बताया कि सिंधु देवी तरहसी पंचायत के आरा कंदा गांव की रहने वाली थी। बीमारी की वजह से अप्रैल 2022 में उनकी मौत हो गई थी। उनका जीवन ज्योति बीमा योजना चल रहा था, शर्तों के अनुसार मृतक के परिजन को चेक के माध्यम से लाभ की राशि सौंपी गई।

### अगलगी में दुकान का एक लाख का सामान खाक

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड के रेवारातू पंचायत के सुदूरवर्ती चांपी गांव के एक दुकान में आग लगने से दुकान में रखा किराना सामान,नगद-जेवरात समेत कई महत्वपूर्ण कागजात जलकर राख हो गया। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले सतबरवा के चांपी गांव के दुकान में बुधवार की देर रात्रि में लगी थी। आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों को चापाकल से पानी लाकर आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जब तक आग बुझ पाती तब तक पूरा सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** पलामू पुलिस ने मेदिनीनगर साइबर थाना कांड संख्या 05/2021 के प्राथमिकी अभियुक्त आशीष कुमार यादव के छिपादोहर स्थित घर पर कुर्की जब्ती का इस्तीहार चिपकाया। यहां बताते चलें की बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छिपादोहर निवासी रामजी यादव के पुत्र आशीष कुमार यादव पर साइबर क्राइम का मामला मई 2021 में दर्ज हुआ था। न्यायालय से उसका गिरफ्तारी वारंट भी जारी हुआ था लेकिन वह फरार चल रहा था। साइबर थाना के एसआई युवराज कुमार ने बताया कि आरोपी आशीष कुमार यादव काफी दिनों से फरार चल रहा है। पुलिस द्वारा अब न्यायालय से आदेश लेकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी। अगर आरोपी पुलिस को सरेंडर कर दे तो कुर्की जब्ती से वह बच सकता है।

### पथ जांच टीम को गुमराह न करें विधायक व पूर्व विधायक : रूद्र

**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह मंत्री प्रतिनिधि कांग्रेस नेता रुद्र शुक्ला ने कहा कि पांकी के पूर्व और वर्तमान विधायक को आम जनता की चिंता नही है। ये पांकी रोड में हो रहे विभागीय जांच को विफल करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि जांच टीम को गुमराह करने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। पांकी विस का विकास कैसे हो इस पर कार्य करने की जरूरत है। रोड डिविजन के वरीय पदाधिकारी निष्पक्ष जांच करेंगे जिससे आम जनता को गुणवत्तापूर्ण पथ मिल सके।

## एसडीओ से पाटन मुख्य पथ को जाममुक्त कराने की मांग

➲ चिप्स, पत्थर ढुलाई से ग्रामीण परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ पाटन।** पाटन प्रखंड के सेमरी, केल्हार, सगुना, उताकी, पाटन मुख्य बाजार के ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर पाटन मुख्य पथ जाम से मुक्त कराने की मांग की है। आवेदन में रंजीत सिंह, उमाशंकर सिंह समेत कई ग्रामीणों ने कहा है कि चिप्स, पत्थर के अवैध परिवहन से लोगों को परेशानी से हो रही है। अवैध परिवहन से पाटन मुख्य पथ में हमेशा जाम लगा रहता है।

कहा कि सेमरी स्थित भंडरिया स्टोन माइंस से प्रतिदिनि सैकड़ों की संख्या में ओवरलोड हाइवा का परिचालन दिन रात हो रहा है। इससे पूरे क्षेत्र में धूल का कोहरा छाया रहता है। इस कारण पूरा व्यवसाय ठप्प गया है। साथ ही अधिक ट्रिप करने के होड़ में हाईवा चालक वाहन तेज गति से चलाते हैं इससे अक्सर दुर्घटना होती रहती है। स्कूली बच्चे पैदल आते जाते हैं इस कारण दुर्घटना की आशंका रहती है।

# बिश्रामपुर में अभी तक नहीं खुला धान क्रय केंद्र, परेशान हैं किसान

**महेंद्र प्रजापति**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड में पैक्स द्वारा संचालित धान क्रय केंद्र अभी तक नही खुला है। जिसके कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है। बताते चलें कि 15 दिसंबर तक जिला के प्रत्येक प्रखंड मुख्यालय में धान क्रय केंद्र हर हाल में खोल देना था। लेकिन बिश्रामपुर में अभी तक नहीं खुला है। क्रय केंद्र नही खुलने के कारण क्षेत्र के किसान मजबूरी वस औने पौने दामों में साहूकारों के हाथों धान



बंद पड़ा बिश्रामपुर का धान क्रय केंद्र।

बेच दे रहे हैं।

क्षेत्र के आदर्श कृषक प्रेम शंकर दुबे ने बताया कि सुखाड़ जैसे विपरीत परिस्थितियों में यहां के कुछ किसानों ने निजी संसाधन की बदौलत धान की फसल उपजाई है। कई किसानो ने बीज, खाद और पटवन हेतु साहूकारों से कर्ज भी लिया है। किसान धान बेचकर कर्ज चुकाते रहे हैं। लेकिन अभी तक धान क्रय केंद्र नही खुलने से किसान मायूस हैं। इधर, साहूकार किसानों पर कर्ज का पैसा वापस करने या औने पौने दामों पर धान मांग रहे हैं।

**क्या कहते हैं समाजसेवी**



समाजसेवी प्रेमशंकर दुबे ने पलामू उपायुक्त से बिश्रामपुर में यथाशीघ्र धान क्रय केंद्र खुलवाने की मांग की है।

# टीम चैलेंजर परिवार ने डीसी समेत कई पदाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** टीम चैलेंजर परिवार ने पलामू के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंप कर शहर में बढ़ते सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु उचित कदम उठाया। चैलेंजर परिवार ने उपायुक्त ए दोड्डे, पुलिस अधिक्षक चंदन कुमार सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटर यान निरीक्षक, ट्रैफिक प्रभारी शहर थाना और एनएच एआई के कार्यपालक अभियंता पलामू को ज्ञापन सौंप कर दुर्घटना को नियंत्रित करने हेतु उचित कदम उठाने की मांग की। उपायुक्त ने चैलेंजर परिवार के सुझाव व मांगों पर



आश्वस्त किया कि सड़क दुर्घटना रोकने के लिए बेहतर कदम उठाये जायेंगे। एसपी चंदन सिन्हा ने त्वरित करवाई करते हुए ट्रैफिक प्रभारी को कॉल करके रांची रोड स्थित भगवती हॉस्पिटल, डीएनटी पेट्रोल पंप व हवाई अड्डे पास बैरिकेडिंग लगवाकर एक अच्छे अफसर की भूमिका निभाई। चैलेंजर परिवार ने कहा कि बीते एक सप्ताह से रांची रोड एवं पांकी रोड मेदिनीनगर पलामू में करीब दो दर्जन से अधिक लोगों ने सडक दुर्घटना में अपनी जान गंवाई है खासकर पलामू का युवा वर्ग। चैलेंजर परिवार ने सडक दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु

स्पीड न्यूज

## जेएसएलपीएस का रोजगार सृजन मेला आज

**धनबाद।** जिले के बेरोजगार एवं शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने, गरीब बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा उनको समाज में पहचान एवं मान सम्मान दिलाने के उद्देश्य से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा शनिवार, 17 दिसंबर 2022 को, एक दिवसीय रोजगार सृजन मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीटा सिंह ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू - जीकेवाई) के अंतर्गत इस एक दिवसीय रोजगार सृजन मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन 17 दिसंबर 2022 को न्यू टाउन हॉल में दिन के 11 बजे से किया जाएगा। सांसद धनबाद पशुपतिनाथ सिंह समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

## शहरपुरा बाजार के संदीप जेनरल स्टोर में हुई चोरी

**सिन्दरी।** सिन्दरी थाना क्षेत्र के शहरपुरा बाजार स्थित संदीप जेनरल स्टोर में शुक्रवार की सुबह दस हजार रुपए नकदी समेत लगभग चालीस हजार रुपए के सामान की चोरी हुई है। इसकी सूचना सिन्दरी पुलिस को दे दी गई है और पुलिस ने घटनास्थल पहुँचकर भुक्तभोगी संदीप चौरसिया से घटना की जानकारी ली। हालांकि शहर में यह भी चर्चा है कि चेम्बर ऑफ कामर्स द्वारा शहरपुरा बाजार की सुरक्षा के लिए लगाए गए दो सुरक्षाकर्मी चोरी की घटना के वक्त कहाँ थे। घटना के संबंध में भुक्तभोगी ने पुलिस को दिए लिखित शिकायत में बताया है कि शुक्रवार की सुबह दुकान खोलने पर पाया कि छत पर लगे एस्बेस्टस शीट हटाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने दुकान के गल्ले से लगभग दस हजार रुपए नकदी व चाँदी के सिक्के चोरी होने की बात बताई है। वहीं दुकान में रखे ड्राइ फ्रुट्स, हार्लिक्स, घी जैसे महँगी खाने पीने के सामान पर चोरों ने हाँथ साफ करने की बात भुक्तभोगी ने शिकायत में जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि मंदी के बाजार के साथ चोरी की घटना होने से कमर ही टूट गई है। सिन्दरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि घटना की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। जाँचोपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## इस्पात मंत्रालय के ओएसडी का दो दिवसीय बोकारो दौरा

**बोकारो।** इस्पात मंत्रालय के ओएसडी एन एन सिन्हा के बोकारो आगमन पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाशए उपायुक्त बोकारो कुलदीप चौधरी सहित बीएसएल के अधिशासी निदेशकों ने उनका स्वागत किया। अपने बोकारो दौरे के क्रम में श्री सिन्हा ने इस्पात भवन स्थित मॉडल रूम में प्लांट के ले.आउट की जानकारी लेने के पश्चात प्लांट भ्रमण कर कोक ओवेनए ब्लास्ट फर्नेस.2ए एसएमएस 2. सीसीएसए हॉट स्ट्रिप मिल और सीआरएम.3 का अवलोकन किया और उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश तथा अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।तदोपरांत बोकारो निवास में श्री सिन्हा ने बीएसएल के युवा प्रबन्धकों से मुलाकात की जहाँ उन्हें संयंत्र में जारी डिजिटलाइजेशन परियोजना पर एक प्रस्तुतीकरण द्वारा अवगत कराया गया।अगले दिन बीएसएल के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक में विभिन्न सीएसआर गतिविधियों का अवलोकन करेगें।

## टेलर की चपेट में आने से युवक की मौत

बेरमो ध्जरीडीह थाना क्षेत्र के तुपकाडीह नहर पुल के समीप देर रात टेलर की चपेट में आने से एक 26 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की तुपकाडीह निवासी संदीप वर्णवाल के रूप में पहचान हुई। वह साइकिल से अपना घर मानगो की ओर लौट रहा था। पुलिस ने भाग रहे टेलर को टोल प्लाजा के पास से पकड़ा।

# पिछरी हथिया पत्थर बनेगा पर्यटक स्थल

**केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर को लिखा पत्र**



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** पिछरी दक्षिणी के मुखिया प्रमिला देवी ने जी किशन रेड्डी केंद्रीय पर्यटक मंत्री जी किशन रेड्डी को पिछरी हथिया घाम को पर्यटक क्षेत्र विकसित करने की मांग पत्र के माध्यम किया था। जिसके बाद मंत्री जी किशन रेड्डी ने मंत्रालय में आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया है और इसकी सूचना पत्तन पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय माननीय राज्यमंत्री शत्रनु ठाकुर को भेज दिया है। हिंदुस्तान पुल फुसरो के निकट दामोदर नदी तट पर पिछरी गांव स्थित नदी के बीच में हथिया पत्थर को पर्यटन क्षेत्र में के रूप में विकसित कर पर्यटन स्थल बनाया जाएगा। बताते चले कि बोकारो जिले फुसरो पिछरी पंचायत के दामोदर नदी के किनारे ये हथिया पत्थर है जो देखने मे बिल्कुल हाथी के आकार जितना विशाल है बल्कि और भी बड़ा ही है। देखने वाले कहते हैं कि कोई हाथी के आकार की चीज दामोदर नदी के तट पर बैठा हुआ है। मकर संक्रांति के मन्दिरों में पूजा अर्चना करने के साथ.साथ एक हाथीनुमा पत्थर की भी पूजा कई दशकों से की जा रही है। लोग उस विशालकाय पत्थर की भी पूजा कर रहे हैं जिसे हथिया पत्थर के नाम से जाना जाता है इस मौके पर यहां प्रतिवर्ष विशाल मेले का आयोजन भी किया जाता है।मुखिया प्रमिला देवी ने इसके लिए मंत्री का आभार जताया। मुखिया प्रमिला देवी ने बातचीत क्रम में कहा कि यह कोयला खनन प्रभावित क्षेत्र हैएजहां बड़ी संख्या में इस व्यवसाय से जुड़े लोग रहते हैं। क्षेत्र में कोई अच्छा धार्मिक पर्यटन स्थल नहीं है। इस दृष्टि से हथिया पत्थर को पर्यटन स्थल मैं विकसित होना अति आवश्यक है। बेरमो कोयला खनन वाले क्षेत्र के नागरिकों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।

**लोगों के कल्याण के लिए खर्च हो डीएमएफटी की राशि**

मुखिया प्रमिला देवी ने कहा कि डीएमएफटी की राशि इस क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए खर्च होए इस दिशा में प्रशासन को दिशा निर्देश दिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त बेरमो कोयलांचल के आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हो सकेए उस क्षेत्र का समुचित विकास हो। कहा कि कोयला खनन वाले क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण भी हो सकेए इस दिशा में सरकार और कंपनी को सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। कहा कि जल्द पिछरी हथिया पत्थर पर्यटक स्थल में विकसित होगा। भाजपा के प्रदेश केंद्रीय सदस्य देवीदास सहित गांव के ग्रामीणों ने इसे लेकर खुशी व्यक्त की है।

## गोविंदपुर में कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार

**धनबाद।** जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पांडेय के निर्देशानुसार आज गोविंदपुर प्रखंड के दमकारा, बरवा, उदयपुर, खरनी व कुलबेरा में कला निकेतन द्वारा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया। इस दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम बिरसा हरित ग्राम योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, सर्वजन पेंशन योजना, झारखंड राज्य फसल राहत योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

## छात्रवृत्ति के लिए विद्यालय को दी गई लॉग इन आईडी की डीडीसी ने की समीक्षा

**धनबाद।** उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने आज समाहरणालय के सभागार में वित्तीय वर्ष 20-22-23 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यालय के प्रिंसिपल को दिए गए लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) को विद्यालय के प्रिंसिपल के साथ समन्वय स्थापित कर तेज गति से कार्य को निष्पादित करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि उदासीनता बरतने से सबसे जरूरतमंद छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति पाने से वंचित रह जाएंगे। इसीलिए सभी बीईओ गंभीरतापूर्वक कार्य को निष्पादित करे। बैठक में निदेशक एनईपी इंदु रानी, जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, एलडीएम राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने विभिन्न विभागों के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति कार्य की क्रमवार समीक्षा की।उन्होंने 15 वें वित्त आयोग के तहत व्यय राशि ए कितनी योजनाएं ली गई और कितनी पूर्ण हुई है के संबंध में पूछा। समीक्षा में कसमारध्पेटरवार एवं चंद्रपुरा प्रखंड के बीडीओ को प्रदर्शन में अविलंब सुधार लाने का निर्देश दिया।मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी एवं ससमय मानदेय भुगतान में जिले का प्रदर्शन बेहतर रहने पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे आगे भी जारी रखने को कहा। उपायुक्त ने कल्याणए उर्जाए पंचायती राज ए खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलेए पेयजल एवं स्वच्छता ए महिला.बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा ए राजस्व ए शिक्षा ए कृषि पशुपालन एवं सहकारिता ए मत्स्य ए पथ निर्माणए खनन विभागों सहित परिवहनए पर्यटनए खेल कूदए कलाए भवन निर्माणए कार्मिक एवं जेएसएलपीएस के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिया तथा डीडीसी को नियमित मानिटरिंग करने को कहा। मौके पर डीडीसी कीर्तीश्री जीएएसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावतए सभी संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारीए प्रखंडों के बीडीओएसी ओ आदि उपस्थित थे।

# जन अभियान: प्रखंड संसाधन दल को दिया गया प्रशिक्षण

**धनबाद।** जन योजना अभियान (हमारी योजना हमारा विकास) अन्तर्गत शुक्रवार को जिला परिषद के सभागार में प्रखण्ड संसाधन दल को द्वितीय दिन भी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका गांव, स्वस्थ्य गांव, बाल हितैषी गांव, जल पर्याप्त गांव, स्वच्छ और हरित गांव, गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला एवं बाल हितैषी गांव इन सभी विषयों पर योजनाओं के चयन एवं सफल बनाने को लेकर प्रखण्ड संसाधन दल को प्रशिक्षक, पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार द्वारा नामित मास्टर ट्रेनर नमिता कर्मकार तथा पंकज ठाकुर ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण लेकर प्रखण्ड संसाधन दल पंचायत स्तर, ग्राम पंचायत फैसिलिटेशन टीम को प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे। जिसके पश्चात जीपीडीपी में दिए गए मार्गदर्शिका के अनुसार योजनाओं का चयन का कार्य किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत राज विभाग के डीपीएम मो तौहीद आलम ने योजनाओं के चयन में तकनीकी विशेषताओं को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही कहा कि सभी प्रशिक्षु ईमानदारी एवं लगन से प्रशिक्षण लेकर पंचायत स्तर पर पंचायत दल को प्रशिक्षण मिलेगा।

# एफसीआई ने रविन्द्र परिषद को वाणिज्यिक लीज को दिया पत्र

**सिन्दरी।** एफसीआईएल सिन्दरी क्षेत्र में स्थानीयों के बीच संस्कृति के प्रसार के लिए लीज आवंटित वर्ष 1969 से लोटसनुमा रविन्द्र परिषद सिन्दरी के व्यावसायिकरण करने पर एफसीआई प्रबंधन ने आपत्ति जताते हुए परिषद का वाणिज्यिक लीज करवाने के लिए पत्र जारी किया है। इसको लेकर रविन्द्र परिषद सिन्दरी प्रबंधन ने परिषद कार्यालय में शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर अपना पक्ष रखते हुए मामले को जनता दरबार भेजने की गुजारिश की है। शहर में यह भी चर्चा है कि परिषद में चल रहे स्कूल को सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त करने के लिए एफसीआई द्वारा प्लेग्राउंड सहित एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य है।

रविन्द्र परिषद सिन्दरी के महासचिव एस डी चट्टराज ने कहा कि परिषद की लीज रद्द करने से उक्त स्कूल में पढ़ रहे 700 विद्यार्थियों सहित 28 स्थाई व अस्थायी कर्मचारी के भविष्य पर तलवार लटक सकता है। उन्होंने बताया कि एफसीआई के तत्कालीन महाप्रबंधक की अध्यक्षता में वर्ष 1979 में गरीब ग्रामीणों में शिक्षा का अभाव को देखते हुए परिषद में एक शिक्षा केन्द्र खोला गया था।

# बगदा में रैयतों ने रोका सड़क निर्माण कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** बरलंगा. नेमरा से कसमार तक नये एलाइनमेंट पर बन रहे उच्च स्तरीय सड़क निर्माण कार्य को बगदा मौजा के रैयतों ने रोक दिया है। ग्रामीणों रैयतों की मांग है कि पहले भू अर्जन विभाग रैयतों की जमीन का मापी करायेए मुआवजा राशि तय कर भुगतान करेंए तब निर्माण कार्य चालू करे।दर्जनों की संख्या में ग्रामीण रैयत कार्यस्थल पर पहुंचे और मिट्टी काटकर समतलीकरण कर रहे पोकलेन मशीन हाईवा वाहन को बंद करा दिया।रैयतों के साथ हल्की झड़प भी हुई। मौके पर रैयतों को समर्थन करने जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी एवं प्रमुख नियोती कुमारी भी पहुंची और कहा कि जमीन का मुआवजा राशि भुगतान किये बगैर सड़क निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। मौके पर गिरधारी महतोए सिध्देश्वर प्रजापतिए जीवन जगन्नाथए इमाम शफीए भुवनेश्वर महतोए फनी भूषण महतोए कमलेश महतोए मंटू प्रजापतिए रमेश प्रसादए घनश्याम विद्रोहीए कानन कुमारए निखिल कुमारए उमेशए गोपाल झा आदि मौजूद थे।

# 10 जनवरी का धरना होगा ऐतेहासिक: दीपनारायण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बाघमारा।** शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड बाघमारा प्रखंड की बैठक प्रखंड अध्यक्ष गोपाल गोप के अध्यक्षता में श्यामडीह में सम्पन्न हुआ। बैठक में आने वाले वर्ष 2023 में संगठन का विस्तार कर , संगठन के कार्यो को जन - जन पहुचाने का योजना निर्धारित की गई । इस दौरान 10 जनवरी को केंद्र सरकार के गलत नीतियों , महंगाई और प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू प्रदेश महासचिव दीपनारायण सिंह के कहा जहाँ नए साल में लोग पिकनिक की चर्चा कर रही है , वही दूसरे तरफ जदयू बाघमारा के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में जनता को हो रही समस्याओं और केंद्र सरकार की कमर तोड़ महंगाई एवं गलत नीतियों के खिलाफ जनहित में एक दिवसीय धरना के निर्णय के धन्यवाद देना चाहता हूँ। जदयू हर हमेशा जनता के समस्याओं के लेकर संघर्ष करती है करती रहेगी। केंद्र सरकार के गलत नीतियों के खिलाफ धरना ऐतिहासिक होगा।बैठक को संबोधित करते हुए पिछड़ी प्रोकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार ने जिस तरह जनता के लिए निरंतर कार्य कर रही है । उसी प्रकार जदयू झारखंड में भी जनता के समस्या को निदान करने के लिये ततपर है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह ने कहा कि 10 जनवरी को बाघमारा प्रखंड मुख्यालय में होने वाला धरना ऐतिहासिक होगा। बैठक में धनलाल दुबे , विष्णु मिश्र , गोवर्धन महतो , बिंदु देवी , माला देवी , इंदल सिंह , घनश्याम ठाकुर , सचिन मंडल , बालेश्वर गोप , सूरज कुमार , पंकज सिंह , सपन दुबे , साबिर अंसारी , सुभाष सिंह मौजूद थे।

# राजकीयकृत बालिका मवि में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/पेटरवार।** झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से शुक्रवार को राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित इस प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभक्त किया गया था जिसमे कक्षा 6 से 8ए कक्षा 9 ओर 10 एवं कक्षा 11 से 12 के छात्र. छात्राओं ने भाग लिया।यहां आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का उद्‌घाटन बुंडू पंचायत के मुखिया निहारिका सुकृति ने किया। तीनो केटेगरी में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र. छात्राओं की ओर से प्रस्तुत की गई प्रदर्शनी का बारीकी के साथ निरीक्षण किया ओर छात्रो की हौसला अफजाई की।

निर्णायक मंडली में शामिल शिक्षक संजीव प्रसादए मोण शाहीर अंसारीए सूरज कुमार साव व रामकृष्ण मिश्रा ने छात्र. छात्राओं की ओर से प्रस्तुत की गई विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया।



# अनुशासित जीवन शैली विकास का मार्ग: सुनील

**सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में विजय दिवस का आयोजन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** शुक्रवार को सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में विजय दिवस का भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र भैया प्रदीप सोरेन जो वर्तमान में बिहार बटालियन 2 में सैनिक के रूप में सेवा दे रहे हैं , मुख्य अतिथि थे । वंदना सभा में विद्यालय के प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह ने भैया प्रदीप सोरेन को अंग वस्त्र एवं श्रीफल से सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य श्री दुर्गेश नंदन सिन्हा के साथ-साथ सभी छात्र - छात्राएं एवं आचार्य- दीदी जी उपस्थित थे। अपने संबोधन में प्राचार्य श्री सुनील कुमार सिंह ने कहा कि अनुशासित जीवन शैली ही वास्तव में विकास का मार्ग है।

अनुशासन ही व्यक्ति को मंजिल तक पहुंचाता है जिसका उदाहरण मेरे पूर्व-छात्र सैनिक भैया प्रदीप सोरेन हैं , उन्होंने बताया कि 1971 के युद्ध में हमारे सैनिकों ने पाकिस्तान को करारी मात दी थी वही 16 दिसंबर हमारा विजय दिवस है । आज का दिन भारतीय इतिहास का स्वर्णिम दिवस है इसे प्रत्येक भारतीयों को याद रखना होगा।

**स्कूल ने हमें पढ़ाया अनुशासन का पाठ**

सैनिक प्रदीप सोरेन ने कहा कि यह विद्यालय मेरे लिए अत्यंत अहम है जिसने मुझे अनुशासन का पाठ पढ़ाया और लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता की। यहां के आचार्यों का कुशल मार्गदर्शन के परिणाम स्वरूप मुझे लक्ष्य प्राप्ति में कोई बाधा नहीं आई। उन्होंने कहा कि 2019 में द्वादश कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 2020 में मैं सैनिक सेवा के लिए चुना गया। अपने सैनिक जीवन का वर्णन करते हुए उन्होंने भैया बहनों से अपील की कि आप सभी अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित करें और परिश्रम एवं अनुशासन के द्वारा उसे प्राप्त करें। विजय दिवस के अवसर पर कक्षा दशम की छात्रा तान्या सिन्हा ने एकल गीत एवं कक्षा नवम एवं दशम की छात्राओं द्वारा समूह गान प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य श्री धर्मेंद्र तिवारी , मुरारी दयाल सिंह, विश्वनाथ दास , अशोक कुमार सिंह अरविंद कुमार एवं नवल किशोर झा की मुख्य भूमिका रही।

## पेज एक का शेष

### दिव्यांग व निराश्रित...

कृषि और पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी है। यह ना सिर्फ ग्रामीणों के जीविकोपार्जन का प्रमुख माध्यम है, बल्कि उनकी पारंपरिक व्यवस्था का अभिन्न अंग भी है। इसी मकसद से सरकार कृषि और पशुपालन से जुड़ी कई योजनाएं चला रही हैं। सीएम ने रोजगार सृजन योजना के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। अधिकारी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के आवेदनों को गंभीरता से लें। किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। अगर जरूरत पड़ी तो विकास कार्यों की प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी समीक्षा होगी।

### हाइकोर्ट ने जेएसएससी ...

जिस पर प्रार्थी की ओर से पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार ने विरोध किया। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद सुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दायर किया गया। सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि जेएसएससी नियुक्ति नियमावली में संशोधन कर जो शर्तें लागू हैं, उससे फिलहाल प्रार्थी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। इसलिए इस याचिका पर फिलहाल सुनवाई नहीं होनी चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से सरकार के अधिवक्ता की दलील का विरोध किया गया। कहा गया कि सरकार का जवाब गलत है। संशोधन में जो शर्तें लागू की गयी है, वह असंवैधानिक है। इससे मौलिक अधिकार का हनन होता है। इसलिए इस संशोधित नियमावली को रद्द करने के साथ असंवैधानिक घोषित किया जाये। राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में हिंदी माध्यम से पढ़ाया जाता है। सर्वाधिक लोगों की भाषा हिंदी है, लेकिन इस संशोधित नियमावली में हिंदी को ही हटा दिया गया। उर्दू एक खास वर्ग की भाषा है,उसे जोड़ दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह नियम एक खास वर्ग के लिए बनाया गया है। इसलिए यह नियम असंवैधानिक है। इसे निरस्त कर दिया जाये।

### इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक...

इस बैंक से डा. मजिद आलम ने कर चोरी में क्या लाभ लिया, इसकी पड़ताल अभी जारी है। आलम नर्सिंग होम के संचालक डा. मजिद आलम पर करीब आठ करोड़ रुपये के टैक्स चोरी का अनुमान है।

**1.05 करोड़ गंगा प्रसाद ग्रुप के ठिकाने से मिले :** आयकर विभाग की छापेमारी में बरामद तीन करोड़ से अधिक के नकदी मामले में गिरिडीह की सरिया निमार्ता कंपनी गंगा प्रसाद ग्रुप के ठिकाने से सर्वाधिक एक करोड़ पांच लाख रुपये मिले हैं। इसके अलावा सलूजा के ठिकाने से भी एक करोड़ नकदी की बरामदगी हुई है। इनमें 40 लाख रुपये सलूजा के कोलकाता स्थित कार्यालय से मिले हैं। मोंगिया के ठिकाने से भी नकदी मिले हैं। इनसे जुड़े देवघर के सहयोगी के ठिकाने से भी बेनामी संपत्ति से संबंधित कागजात मिले हैं, जिसकी छानबीन चल रही है। सभी ठिकानों से भारी मात्रा में कागजात मिले हैं, जो बेनामी संपत्तियों से संबंधित हैं।

### ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर...

शिविर के आयोजन में रांची कश्यप मेरोरियल नेत्र अस्पताल की निदेशक और झारखंड आइएमए महिला विंग की अध्यक्ष डॉ भारती कश्यप की अहम भूमिका रही। शिविर में आने वाली सभी महिलाओं को 1 महीने की आयरन फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की गोलियां मुफ्त बांटी गयी। लुकोरिया से ग्रसित सभी महिलाओं को भी दवाएं दी गयीं।

भारत में सर्वाधिक मरीज : स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के मरीजों की संख्या सर्वाधिक है। यह बीमारी गरीबी और शिक्षा के अभाव में ज्यादा होती है लेकिन आज के समय में जागरूक नहीं होना भी एक बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर के उन्मूलन के लिए सरकार आइएमए महिला विंग की मदद से बड़ा अभियान चला रही है। अभी हमारा लक्ष्य यह है कि राज्य की 50 फीसदी महिलाओं की चिकित्सीय जांच हो, ताकि उनमें ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर के लक्षण है या नहीं इसका पता लग सके। झारखंड के गांवों में लोग पशुओं के साथ रहते हैं। एक साथ रहने की वजह से मानव शरीर में कई बीमारियां होती हैं। डॉ भारती कश्यप, राष्ट्रीय सह-अध्यक्ष विमेन डॉक्टर्स विंग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कहा की 2021 में विमेन डॉक्टर्स विंग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर डबल्यूएचओ की सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन नीति को संशोधित कर झारखमड मॉडल बनाया। इससे 100% सर्वाइकल डिसीज से ग्रसित महिलाओं की स्क्रीनिंग हो सकती है। 2,70,000 महिलाओं की स्क्रीनिंग के लक्ष्य के 50% (1,27,000) को हम प्राप्त कर चुके हैं। देश में हर साल 67 हजार महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से दम तोड़ देती हैं। **महिलाओं को जागरूक करेंगी सहिया :** रामगढ़ डीसी माधवी मिश्रा ने कहा कि सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की सबसे ज्यादा शिकार गांव की महिलाएं हो रही है। उनके बीच जागरुकता जगाने के लिए सहिया दीदी की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। शिविर में रामगढ़ जिले में 572 महिलाओं की पहचान हुई है, जिनमें कैंसर के लक्षण मिले हैं। उन सभी का इलाज कैसे होगा और कैसे उन्हें इन बीमारियों से मुक्त कराने के लिए दवाइयां दी जाएगी, स्वास्थ्य विभाग उस पर अपना काम कर रहा है।

### जनरल नियाजी के...

पूर्वी पाकिस्तान में पाकिस्तान का जहां भी एयरबेस था, उसे भारतीय वायुसेना ने बुरी तरह से तबाह कर दिया। इस युद्ध में भारतीय वायुसेना के मिग-21 फाइटर प्लेन ने काफी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने पाकिस्तान के 8 एयरबेस को पूरी तरह से तबाह कर दिया था। भारतीय वायुसेना के इस घातक ऐक्शन का रिजल्ट भी दिखाई दिया।

**पाकिस्तान की हार और बांग्लादेश का जन्म :** विजय दिवस के अवसर पर इस युद्ध में निर्णायक भूमिका निभाने वाली भारतीय वायुसेना में युद्ध के बाद सरेंडर और विक्ट्री परेड की तस्वीर शेयर की। एयरफोर्स ने सिलसिलेवार ट्वीट में लिखा, 1971 का भारत-पाक युद्ध 16 दिसंबर 1971 को विरोधी के व्यापक समर्पण के साथ समाप्त हुआ। लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने बिना शर्त आत्मसमर्पण के दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए और एक स्वतंत्र 'बांग्लादेश' का जन्म हुआ। इस ट्वीट के साथ एयरफोर्स ने लेफ्टिनेंट जनरल नियाजी के साथ आत्मसमर्पण के समझौते पर हस्ताक्षर करते समय की तस्वीर शेयर की है। एयरफोर्स ने सरेंडर का वह लेटर भी शेयर किया जिस पर दोनों देशों के कमांडिग ऑफिसर ने साइन किया है।

